संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 24 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



पीएम नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में इंटरनेशनल लॉयर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। इस मौके पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ भी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 255 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# बाबा की नगरी को...स्टेडियम की सौगात

= एक शिव शक्ति का स्थान चंद्रमा पर दूसरा मेरी काशी परः मोदी, पीएम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की रखी आधारशिल

**सौगात**

8 महादेव की नगरी में ये स्टेडियम और उसकी डिजाइन स्वयं महादेव को ही समर्पित है। इसमें क्रिकेट के एक से बढ़कर एक मैच होंगे

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**एक** शिव शक्ति का स्थान चंद्रमा पर है तो दूसरा स्थान मेरी काशी में है। शिव शक्ति के इस स्थान से शिव शक्ति के उस स्थान पर भारत के विजय की मैं सभी को बधाई देता हूं। ये बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां गंजारी स्थित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखने के दौरान कही। उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरूआत भोजपुरी में करते हुए कहा कि "आज फिर से बनारस आवे क मौका मिलल ह, जौन आनंद बनारस में मिलेला ओकर व्याख्या असंभव ह।"

**पूर्वांचल के युवाओं के लिए वरदान साबित होगा ये स्टेडियम :** प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वह ऐसे दिन काशी आए हैं, जब चंद्रमा के शिव शक्ति प्वाइंट पर पहुंचने का भारत का एक माह पूरा हो रहा है। शिव शक्ति यानी वो स्थान जहां हमारा चंद्रयान आज ही के दिन लैंड हुआ था। गंजारी का यह स्थान माता विंध्यवासिनी के धाम और काशी नगरी को जोड़ने के बीच एक पड़ाव है। यहां से कुछ दूर पर भारतीय लोकतंत्र के प्रखर पुरुष और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजनारायण जी का गांव मोतीकोट है। उन्होंने कहा कि वो इस धरती से राजनारायण जी और उनकी जन्मभूमि को सिर झुकाकर प्रणाम करते हैं। आज काशी में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी गयी है। ये ना सिर्फ वाराणसी बल्कि पूर्वांचल के युवाओं के लिए एक वरदान साबित होगा। महादेव की नगरी में ये स्टेडियम और उसकी डिजाइन स्वयं महादेव को ही समर्पित है। इसमें क्रिकेट के एक से बढ़कर एक मैच होंगे। यहां खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय मैचों की ट्रेनिंग का लाभ मिलेगा। आने वाले दिनों में क्रिकेट मैचों की संख्या भी बढ़ने जा रही है। जब क्रिकेट मैच बढ़ेंगे तो नये-नये स्टेडियम की जरूरत बढ़ेगी। बनारस का ये स्टेडियम इस डिमांड को पूरा करेगा। पूरे पूर्वांचल का ये चमकता हुआ सितारा बनेगा।

**भविष्य के भारत का भव्य प्रतीक बनेगा ये स्टेडियम:** प्रधानमंत्री ने कहा कि ये अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम बस ईंट और कंक्रीट का मैदान नहीं, बल्कि भविष्य के भारत का भव्य प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि हर विकास के लिए मेरी काशी अपना आशीर्वाद लिए मेरे साथ खड़ी रहती है। आपके बिना काशी में कोई विकास का संकल्प सिद्ध नहीं हो सकता है। आपके आशीर्वाद से हम काशी के कायाकल्प के लिए इसी तरह विकास के नये अध्याय लिखते रहेंगे। उन्होंने बताया कि जब खेल का इंन्फ्रास्ट्रक्चर बनता है। तो खेल ही नहीं स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी उसका सकारात्मक असर होता है। जब ऐसे बड़े सेंटर बनेंगे तो बड़े आयोजन होंगे। बड़ी तादात में दर्शक और खिलाड़ी यहां आंएगे। इससे होटल, खानपान की दुकान, रिक्शा ऑटो रिक्शा और नाव वालों को लाभ मिलेगा। नये स्पोर्ट्स कोचिंग सेंटर खुलेंगे और वाराणसी में स्पोर्ट्स इंडस्ट्री तैयार होगी।

**दुनियाभर में हो रही काशी की चर्चा:** अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा के आशीर्वाद से काशी का सम्मान आज नित नई ऊंचाइयों को छू रही है। जी-20 समिट के जरिए भारत ने पूरी दुनिया में अपना झंडा गाड़ा है, लेकिन उसमें काशी की चर्चा विशेष है। काशी की सेवा, काशी का स्वाद, काशी की संस्कृति और काशी का संगीत। जी-20 के लिए जो जो मेहमान काशी आया वो इसे अपनी यादों में समेटते हुए साथ लेकर गया है। जी 20 की अद्भुत सफलता महादेव के आशीर्वाद से ही संभव हुई है। बाबा की कृपा से काशी अब विकास के ऐसे आयाम गढ़ रही है जो अभूतपूर्व है।



## 'गांव-गांव में खेलों के महारथी मौजूद हैं, जरूरी है इन्हें तलाशने और तराशने की'

**प्रधानमंत्री मोदी** ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के इतिहास में भारत की उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पिछले कई दशकों में भारत ने जितने मेडल जीते थे उससे ज्यादा मेडल हमारे बच्चे इस बार लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री ने एशियन गेम्स में गये खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गांव गांव में खेलों के महारथी मौजूद हैं। जरूरी है इन्हें तलाशने और तराशने की। आज छोटे छोटे शहरों के खिलाडी देश की शान बने हुए हैं। खेलो इंडिया अभियान से देश के कोने से खिलाड़ियों की पहचान की जा रही है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बनाने में सरकार अहम भूमिका निभा रही है। पहले अच्छे स्टेडियम केवल कुछ बड़े शहरों में ही मौजूद थे। अब देश के कोने कोने में खेलो इंडिया अभियान के जरिए स्पोर्ट स्टेडियम बनाये जा रहे हैं। इसका लाभ बेटियों को मिल रहा है। नई शिक्षा नीति में खेल को साइंस, मैथ और कॉमर्स की तरह ही महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। देश का मिजाज ऐसा बना है कि जो खेलेगा वही खिलेगा।



## 'सरकार कदम कदम पर खिलाड़ियों की मदद कर रही'

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि काशी का सांसद होने के नाते यहां आए बदलाव का मैं साक्षी रहा हूं। इस स्टेडियम के साथ ही सिगरा स्टेडियम के पुनर्निर्माण पर 400 करोड़ खर्च किये जा रहे हैं। वहां 50 से अधिक खेलों के लिए जरूरी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। वो देश का बहुस्तरीय स्पोर्टस कॉम्पलेक्स होगा, जिसे दिव्यांगजनों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। इसे भी जल्द ही काशीवासियों को समर्पित किया जाएगा। इसके अलावा बड़ा लालपुर का सिंथैटिक ट्रैक हो, बास्केटबॉल कोर्ट, अखड़ा हो, हम नया निर्माण तो कर ही रहे हैं साथ ही साथ पुरानी व्यवस्था को भी सुधार रहे हैं। हमने स्पोर्ट्स को युवाओं के फिटनेस, रोजगार और करियर से जोड़ा है। इस वर्ष केंद्रीय खेल बजट को तीन गुना बढ़ाया गया है। सरकार हमारे खिलाड़ियों के साथ टीम मेंबर बनकर चलती है। स्कूल से यूनिवर्सिटी तक की प्रतियोगिताएं हैं। सरकार कदम कदम पर खिलाड़ियों की मदद कर रही है।

**फास्ट न्यूज**

## मणिपुर में इंटरनेट शुरू हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

मणिपुर में 3 मई से चल रही जातीय हिंसा के बाद राज्य में लगा इंटरनेट बैन शनिवार 23 सितंबर को हटा दिया जाएगा। यह बात सीएम एन बीरेन सिंह ने कही। इसके पहले 25 जुलाई को ब्रॉडबैंड सेवाएं सशर्त बहाल की गई थीं। बीरेन सिंह ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि सरकार ने फेक न्यूज और हेट स्पीच को फैलने से रोकने के लिए इंटरनेट बैन किया था। हालात सुधरने के बाद इंटरनेट सर्विस बहाल की जा रही है। पिछले दो महीनों में स्थिति में सुधार हुआ है और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ गोलीबारी की घटनाओं में कमी आई है। उन्होंने यह दावा भी किया कि मौजूदा स्थिति पिछली सरकारों की अनियोजित नीतियों का नतीजा है, न कि किसी हालिया फैसले का तत्काल परिणाम है।

**सुरक्षा बलों पर आरोप, बॉर्डर सिक्योरिटी में चूक:** मुख्यमंत्री ने मीडिया से कहा कि हमने केंद्रीय गृह मंत्रालय से राज्य में फ्री मूवमेंट एग्रीमेंट को भी खत्म करने की अपील की है। इस एग्रीमेंट के तहत भारत और म्यांमार के बॉर्डर के करीब रहने वाले लोग बिना किसी दस्तावेज के दोनों देशों की सीमा में 16 किमी अंदर तक जा सकते हैं। जॉइंट दिल्ली स्टूडेंट फोरम के सदस्य ने गुरुवार 21 सितंबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर मणिपुर में 140 दिनों के अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्ड में लिखा था- कुकी लोग कभी भी इंफाल वैली में नहीं लौटेंगे।

## इंडिया का नाम भारत करना चाहती थी सरकार: राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

कांग्रेस ने राजस्थान में कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ ही चुनावी अभियान की शुरूआत कर दी है। जयपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस ने वादा किया कि यदि केंद्र में सरकार आती है तो महिला आरक्षण तत्काल दिया जाएगा। सम्मेलन में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश का नाम बदलना चाहती थी। वे इंडिया का नाम भारत करना चाहते थे, इसीलिए संसद का विशेष सत्र बुलाया था, लेकिन इसे रोकर महिला आरक्षण बिल ले आए। उन्होंने कहा कि पूरे विपक्ष ने महिला आरक्षण का समर्थन किया।

# कानून की भाषा सरल हो: पीएम मोदी

**अपील**

8 यह आम लोगों को अपना लगना चाहिए; पंचायतों से विवादों का निपटारा इसका बड़ा उदाहरण: पीएम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पीएम नरेंद्र** मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में इंटरनेशनल लॉयर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। इस मौके पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पीएम ने देश की लीगल फ्रैटरनिटी की तारीफ की। इस मौके पर पीएम ने कानूनी कार्रवाई को लोगों के लिए आसान बनाने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि आम लोगों को भी कानून अपना लगना चाहिए, देश की पंचायतों में इसका उदाहरण मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकार भारत में नए कानून बहुत ज्यादा सरल बनाने की दिशा में काम कर रही हैं। बार काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से आयोजित इस सम्मेलन का विषय 'न्याय वितरण प्रणाली में उभरती चुनौतियां' है। ये सम्मेलन 23 और 24 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस कॉन्फ्रेंस में लॉर्ड चांसलर ऑफ इंग्लैंड और बार एसोशिएशन ऑफ इंग्लैंड के डेलीगेट्स भी शामिल हुए हैं।

**ये कॉन्फ्रेंस वसुधैव कुटुम्बकम की भारत की भावना का प्रतिबिंब:** पीएम ने कहा कि दुनियाभर की लीगल फ्रैटरनिटी के दिग्गज लोगों से मिलना मेरे लिए सुखद अनुभव है। इस कॉन्फ्रेंस के लिए यूके, कॉमनवेल्थ और अफ्रीकी देशों के डेलिगेट्स भी हिस्सा ले रहे हैं। एक तरह से इंटरनेशनल लॉयर कॉन्फ्रेंस वसुधैव कुटुम्बकम की भारत की भावना का प्रतिबिंब बन गई है।

# वन नेशन वन इलेक्शन कमेटी की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**एक देश,** एक चुनाव के लिए केंद्र सरकार की बनाई हाई लेवल कमेटी की पहली बैठक खत्म हो चुकी है। दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में हुई इस बैठक में अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समेत बाकी सदस्य शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में पर 2 सितंबर को बनी इस कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के स्पेशल मेंबर बनाए गए हैं। हालांकि, बैठक का क्या नतीजा निकला, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।



**क्या है वन नेशन वन इलेक्शन:** भारत में फिलहाल राज्यों के विधानसभा और देश के लोकसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब है कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हों। यानी मतदाता लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर या चरणबद्ध तरीके से अपना वोट डालेंगे। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं।

## जेडीएस के एनडीए में जाने पर प्रियांक का तंज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कर्नाटक की** जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) पार्टी आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए में शामिल हो गई है। 22 सितंबर को जेडीएस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद यह ऐलान किया। कर्नाटक के मंत्री और कांग्रेस नेता प्रियांक खड़गे ने इस गठबंधन को लेकर जेडीएस पर तंज कसा। प्रियांक ने कहा- जेडीएस को चुनाव आयोग को पत्र लिखना चाहिए और अपनी पार्टी के नाम से 'सेक्युलर' शब्द हटा देना चाहिए।

**सदन में बहस** सदन में मुख्यमंत्री सुक्खू व नेता प्रतिपक्ष जयराम की आपस में हुई नोक-झोंक

# 'अमृत महोत्सव कार्यक्रम को राजनीतिक रंग नहीं देना चाहिए था'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**

**मानसून** सत्र के छठे दिन शनिवार को सदन में मुख्यमंत्री एवं सदन के नेता सुखविंदर सिंह सुक्खू व नेता प्रतिपक्ष जयराम के मध्य नोक झोंक हुई। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को लेकर दोनों नेता सदन में आमने-सामने हुए। आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए था। कहा कि कार्यक्रम में स्वतंत्रता



सेनानियों को बुलाया जाना चाहिए थे। शनिवार को प्रश्न काल के दौरान कांग्रेस के संजय रतन आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर सदन में प्रश्न पूछा। उन्होंने सरकार से जानना चाह कि इस कार्यक्रम पर कितना खर्च किया गया है। संजय रतन ने कहा कि बेहतर होता कि इस कार्यक्रम पर खर्च किए गए बजट से शहीद स्मारकत बनता। संजय रतन के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अनुपूरक सवाल किया कि केंद्र सरकार के कार्यक्रमों से सरकार खुद को कितना अलग रख सकती है। इस पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर में नोकझोंक होती रही। इससे सेनानियों को भी मान-सम्मान मिलता। पूर्व भाजपा सरकार ने इस कार्यक्रम को बोझ समझा क्योंकि चुनावों का समय था इसलिए कार्यक्रमों को जल्दबाजी में निपटा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में जब भी इस तरह के कार्यक्रम करेंगे, सभी स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को बुलाया जाएगा।




# डूसू चुनाव: तीन सीटों पर एबीवीपी का कब्जा

= प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी और जॉइंट सेक्रेटरी पोस्ट पर एबीवीपी की जीत; एनएसयूआई का वाइस प्रेसिडेंट

**बंपर जीत**

**8 दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र संघ के इन पदों के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ था**






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव में प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी और जॉइंट सेक्रेटरी पदों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की जीत हुई है। वाइस प्रेसिडेंट पोस्ट एनएसयूआई ने जीती है। प्रेसिडेंट पद पर तुषार डेढ़ा जीत गए हैं। उन्हें 23 हजार 460 वोट मिले। जबकि हितेश गुलिया को 20 हजार 345 वोट मिले।

**केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू बोले- राहुल गांधी ने जीत में मदद की:** किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में एबीवीपी को जीत की बधाई दी। उन्होंने लिखा, "राहुल गांधी ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में प्रचार किया, जिससे एबीवीपी को अपना वोट शेयर बढ़ाने में मदद मिली। एबीवीपी के सभी विनर्स, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों को बधाई।"

**4 साल बाद चुनाव, पिछली बार चार में से 3 पद एबीवीपी जीती:** दिल्ली यूनिवर्सिटी में छात्र संघ के चुनाव 4 साल बाद हुए हैं। आखिरी बार चुनाव 2019 में हुए थे। तब एबीवीपी ने चार में से तीन सीटों पर कब्जा जमाया था। कोरोना के कारण 2020 और 2021 में चुनाव नहीं हो सके, जबकि एकेडमिक कैलेंडर में डिस्टर्बेंस के कारण 2022 में इलेक्शन शेड्यूल नहीं हुए। चीफ इलेक्शन ऑफिसर प्रोफेसर चंद्रशेखर ने बताया कि यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को रिकॉर्ड 42% मतदान हुआ। 52 कॉलेजों में वोटिंग ईवीएम से करवाई गई, जबकि कॉलेज यूनियन के लिए बैलट पेपर पर वोटिंग हुई। यह 2019 में हुए चुनाव के 39.90% से 2.10 फीसदी ज्यादा रहा। हालांकि 2018 में रिकॉर्ड 44.46% और 2017 में 42.8% वोटिंग हुई थी। **चुनाव पर खर्च किए 60 लाख से एक करोड़ रुपए:** छात्रसंघ चुनाव की गाइडलाइंस बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 2005 में एक कमेटी बनाने का आदेश दिया था। 2006 में लिंगदोह कमेटी ने अपनी सिफारिशें दी कि एक कैंडिडेट प्रचार पर 5 हजार रुपए ही खर्च करेगा। इन्हें सुप्रीम कोर्ट ने भी मंजूर किया था।

# उन्नाव दुष्कर्म: पिता की मौत का मामला में हुई सुनवाई

**जमानत**

**8 उत्तर प्रदेश पुलिस के दो अधिकारियों अशोक सिंह भदौरिया और कामता प्रसाद को जमानत प्रदान कर दी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** **उच्च न्यायालय ने** उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के लिए दोषी उत्तर प्रदेश पुलिस के दो अधिकारियों अशोक सिंह भदौरिया और कामता प्रसाद को जमानत प्रदान कर दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर, भदौरिया, प्रसाद और अन्य को इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने मार्च 2020 में गैर इरादतन हत्या सहित कई अपराधों के लिए दोषी ठहराते हुए सजा प्रदान की थी। उन्हें 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी गई थी।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने जमानत प्रदान करते हुए कहा कि दोषी भदौरिया और प्रसाद दोनों दोषी चार साल से अधिक की सजा काट चुके हैं। कोर्ट ने कहा उम्रकैद की सजा के मामलों के अलावा अन्य मामलों के लिए वास्तविक सजा का 50 प्रतिशत का व्यापक पैरामीटर जमानत देने का आधार हो सकता है। उन्होंने कहा रिकॉर्ड के अनुसार मामले में एक अपील 31 जुलाई 2020 को स्वीकार की गई थी, हालांकि, अदालत इस पर सुनवाई नहीं कर पाई है। यह भी रिकॉर्ड की बात है कि अपीलकर्ताओं ने समय-समय पर उन्हें दी गई अंतरिम जमानत की स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं किया। अदालत ने उनकी जमानत 50-50 हजार के नीति मुचलके व एक-एक अन्य जमानत राशि पर स्वीकार की है। 11 जून से 20 जून 2017 के बीच सेंगर द्वारा नाबालिग उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता का अपहरण किया गया और उसके साथ दुष्कर्म किया गया। f

# उमस भरी गर्मी ने बढ़ाई बिजली की खपत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** **उमस भरी गर्मी** के कारण राजधानी में सितंबर के दूसरे पखवाड़े में भी बिजली की अधिकतम मांग साढ़े छह हजार मेगावाट से ज्यादा रह रही है। अधिकतम मांग 6556 मेगावाट दर्ज की गई। बृहस्पतिवार को अधिकतम मांग 6660 मेगावाट दर्ज हुई थी।

**इस बार सितंबर में स्थिति अलग:** पिछले वर्षों की तुलना में इस बार सितंबर में बिजली की ज्यादा मांग रह रही है। यदि मौसम इसी तरह का बना रहा तो आने वाले दिनों में बिजली की खपत और बढ़ सकती है। बिजली अधिकारियों का कहना है कि पूर्व के वर्षों में सितंबर माह के दूसरे पखवाड़े में बिजली की खपत में कमी आने लगती थी, लेकिन इस बार स्थिति अलग है।

**उमस भरी गर्मी से बढ़ी बिजली की खपत:** वर्षा नहीं होने और उमस भरी गर्मी के कारण एयर कंडीशनर, कूलर व पंखों का ज्यादा उपयोग हो रहा है। इस कारण बिजली की मांग ज्यादा है। सितंबर में बिजली की सबसे अधिक मांग पिछले वर्ष 6687 मेगावाट थी। इस वर्ष यह 6993 मेगावाट तक पहुंच गई। अधिकतम मांग के साथ ही न्यूनतम मांग भी ज्यादा है।

सुबह लगभग सात बजे न्यूनतम मांग 4371 मेगावाट दर्ज की गई। अधिकारियों का कहना है कि बढ़ी हुई मांग को ध्यान में रखकर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जरूरी कदम उठाए गए हैं।

# पत्नी को तमंचा दिखाना पड़ा भारी, आरोपित गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** **न्यू अशोक** नगर इलाके में घर के सामने रहने वाली एक युवती से युवक को प्यार हुआ। दोनों ने प्रेम विवाह कर लिया लेकिन दोनों की शादी दो माह भी नहीं चली। लड़की ने अपनी मां के घर रहना शुरू कर दिया। बाजार में आरोपित को पत्नी मिली तो वह तमंचा दिखाकर उससे वापस घर चलने की बात करने लगा। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को दबोच लिया। उसकी पहचान सुरेश (28) के रूप में हुई। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया। आरोपित शराब पीकर अपनी पत्नी को पीटता था। इसी वजह से उसकी पत्नी श्यामा सिंघल ने उसे छोड़ दिया था। डीसीपी अमरुथा गुगुलोथ ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 8.00 बजे पुलिस को एक शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता श्यामा सिंघल (21) ने बताया कि उसका पति उसे पिस्टल लेकर धमकी दे रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपित को दबोच लिया।

# 'अगर हम 'राम राज्य' चाहते हैं तो अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा मिलनी चाहिए'

**शिक्षा पर बल**

**8 आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार उस दिशा में काम करने की कोशिश कर रही है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** **दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को अरुणा आसफ अली अस्पताल के नए ओपीडी भवन का उद्घाटन किया और वहां मरीजों से बातचीत की। उन्होंने ओपीडी भवन का उद्घाटन कर कहा कि अगर कोई 'राम राज्य' की कल्पना करता है तो इसमें सभी के लिए अच्छी और मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल होनी चाहिए।

**अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा है हमारा उद्देश्य:** कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि हर किसी को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा मिलनी चाहिए और आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार उस दिशा में काम करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने ने आगामी दशहरा और दिवाली त्योहारों का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि हम भगवान राम की पूजा करते हैं। राम राज्य की बात की जा रही है। मैं यह नहीं कह सकता कि हम 'राम राज्य' के करीब पहुंच सकते हैं, लेकिन अगर हम 'राम राज्य' की कल्पना करते हैं तो इसमें सभी के लिए अच्छी-मुफ्त शिक्षा और अच्छी-मुफ्त स्वास्थ्य सेवा होनी चाहिए। हमारा ध्यान लोगों को स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा पर है और इसको लेकर बड़े पैमाने पर काम चल रहा है। वर्तमान में शहर के सभी सरकारी अस्पतालों में कुल मिलाकर लगभग 10 हजार बेड हैं।

### सबको मिलनी चाहिए अच्छी स्वास्थ्य सेवा: केजरीवाल

**उन्होंने** कहा, अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा सभी के लिए होनी चाहिए, चाहे वह अमीर हो या गरीब और हमारी सरकार इस दिशा में काम करने की कोशिश कर रही है। इस अवसर पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**आईपीडी की सेवाएं:** आईपीडी में हर महीने करीब 560 मरीज आते हैं। यहां प्रति माह करीब 45 प्रमुख सर्जरी और 38 आपातकालीन सर्जरी होती है।

**दिल्ली के कई इलाकों से अस्पताल पहुंचने के लिए उपलब्ध साधन:** दिल्ली के राजपुरा रोड स्थित अरुणा आसफ अली अस्पताल 100 बेड का मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल है। तीस हजारी मेट्रो स्टेशन, आईएसबीटी (कश्मीरी गेट) और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा अरुणा आसफ अली अस्पताल की देखरेख में सब्जी मंडी में मोर्चरी डिपार्टमेंट भी काम कर रहा है, जहां पोस्टमॉर्टम किए जाते हैं।

# आईफोन 15 को लेकर हुई हाथापाई



**मुकदमा**

**8 यह हाथापाई आईफोन 15 की आपूर्ति में देरी होने के चलते हुई है। ग्राहकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** **राजधानी** दिल्ली के कमला नगर इलाके में एक दुकान का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक मोबाइल की दुकान के कर्मियों और ग्राहकों के बीच मारपीट हो रही है। पुलिस के अनुसार, यह हाथापाई आईफोन 15 की आपूर्ति में देरी होने के चलते हुई है। पुलिस ने ग्राहकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रूपनगर थाना पुलिस के अनुसार, रूपनगर के बंगला रियाद स्थित क्रोमा शोरूम में हाथापाई की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो पता चला कि कॉलोनी के जसकीरत सिंह और मनदीप सिंह ने क्रोमा सेंटर में एक मोबाइल बुक किया था, जिसकी डिलीवरी 22 सितंबर को होनी थी।

**22 सितंबर को होनी थी मोबाइल की डिलीवरी:** लेकिन दुकानदार 22 सितंबर को मोबाइल की डिलीवरी नहीं कर पाया। आरोप है कि इस कारण दोनों ने क्रोमा शोरूम के स्टाफ को पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

**आईफोन-15 की पहली सेल में आईफोन लेने के लिए लगी खरीदारों की भीड़:** आईफोन-15 की पहली सेल के मौके पर शुक्रवार को साकेत स्थित मॉल स्थित आधिकारिक एप्पल स्टोर में आईफोन के चाहने वाले खरीदारों की भीड़ लग गई। आईफोन-15 सिरीज के मोबाइल फोन खरीदने के लिए तड़के ही स्टोर में लोग आने लगे।

# आसमान में अंधेरा, आंधी ऐसी कि उखड़ गए पेड़...


**गर्मी से राहत**

**8 एनसीआर के कुछ इलाकों में आंधी भी चली, जिसके चलते कई इलाकों में पेड़ गिर गए**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** दिल्ली-एनसीआर में दोपहर होते-होते आसमान में ऐसा अंधेरा छा गया, मानों दिन में ही रात हो गई हो। आसमान को काले बादलों ने घेर लिया, जिसके बाद तेज हवाएं चलने लगी। एनसीआर के कुछ इलाकों में आंधी भी चली, जिसके चलते कई इलाकों में पेड़ गिर गए। आंधी के साथ-साथ ही तेज बारिश शुरू हो गई, जिसके बाद दिल्ली-ठउफमें रहने वाले लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिल गई। म

# अपने ही पीएसओ के पिस्टल से बीजेपी नेता ने खुद को उड़ाया



**जांच जारी**

**8 शुरूआती जांच में करण बांका द्वारा खुद को गोली मारने की बात सामने आई है। सिर में गोली लगने के निशान हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** **ग्रेटर कैलाश-एक** में भाजपा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता की गोली लगने से मौत मामला सामने आया है। भाजपा नेता करण बांका (28) घर के बाथरूम में लहुलूहान अवस्था में पड़े मिले थे। वहां से स्वजन द्वारा उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां करीब 36 घंटों तक चले इलाज के दौरान करण बांका की मौत हो गई। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि शुरूआती जांच में करण बांका द्वारा खुद को गोली मारने की बात सामने आई है। सिर में गोली लगने के निशान हैं। गोली दाएं ओर से सिर में लगी है और बायीं ओर से निकल गई है। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता करण बांका ग्रेटर कैलाश-एक स्थित एस-409 में परिवार के साथ रहते थे। उनके पिता अनिल बांका का व्यवसाय है और वह पिता के व्यवसाय को संभालते थे। उन्हें पैसों की जरूरत थी वह लोगों से पैसे लेकर निवेश भी करते थे। इस कारण कई बार विवाद भी रहता था। करण बांका ने प्राइवेट सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) ले रखा था।

पुलिस को 20 सितंबर की रात करण बांका के बाथरूम में गिरने और उससे सिर में गहरी चोट आने की सूचना पुलिस को मिली थी। घायल होने के चलते स्वजन द्वारा उन्हें साकेत स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया था। सूचना पर ग्रेटर कैलाश-एक के एसएचओ अजीत सिंह अपने टीम के साथ मैक्स अस्पताल पहुंचे और जांच शुरू की। शुरूआती जांच में पता लगा कि करण बांका के सिर में गोली लगी हुई है और उन्होंने अपने पीएसओ दिनेश की पंजीकृत पिस्टल से खुद को गोली मारी थी। बताया जा रहा है कि बुधवार को पीएसओ घर पर नहीं था। वह पिस्टल घर पर ही छोड़ गया था। सूत्रों के अनुसार, मामले में दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी की भूमिका भी संदिग्ध रूप से सामने आ रही है। बताया जा रहा है करण ने जब खुद को गोली मारी, उससे करीब 10 मिनट पहले दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी करण बांका के पास गए थे और उन दोनों का पैसों के लेन-देन को लेकर झगड़ा भी हुआ था। यह भी जानकारी मिली है कि करण की मौत से पहले उनके मोबाइल फोन को फैक्ट्री रीसेट किया गया है। इससे उनके फोन में मौजूद सारे एप्लीकेशन, मैसेज, चैट, पैसों का हिसाब किताब सब कुछ मिटा दिया गया है। वहीं, इस पर पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी का कहना है कि उनका मोबाइल फोन आलमारी में रखा हुआ था। उन्होंने खुद ही फोन को फैक्ट्री डाटा रीसेट किया था और पुलिस अधिकारी की उपस्थिति की जांच की जा रही है। भाजपा नेता करण बांका के कई भाजपा नेताओं से अच्छे संबंध बताए जा रहे हैं।

# जालसाजों ने बीएसएफ के डीआईजी को ठगा, जांच शुरू



**फर्जीवाड़ा**

**8 जेवर एयरपोर्ट के पास प्लॉट दिलाने का झांसा देकर उनसे प्लॉट की 25 प्रतिशत कीमत एडवांस में ले ली**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** **साइबर** अपराधियों ने फर्जी वेबसाइट के जरिए यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में आवासी प्लॉट की योजना निकालकर बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) के डीआइजी से लाखों रुपये ठग लिए। जालसाजों ने जेवर एयरपोर्ट के पास प्लॉट दिलाने का झांसा देकर उनसे प्लॉट की 25 प्रतिशत कीमत एडवांस में ले ली। पुलिस ने विभिन्न बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली में तैनात बीएसएफ के डीआइजी ने बताया कि उन्होंने 13 सितंबर को यमुना प्राधिकरण की वेबसाइट के माध्यम से एक प्लॉट के लिए आवेदन किया था। इसके बाद 14 सितंबर को उनके पास एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को प्राधिकरण का जन संपर्क अधिकारी बताया। उसने डीआइजी से कहा कि उनका आवेदन स्वीकार कर लिया गया है। संबंधित प्लॉट की कुल कीमत 7.38 लाख रुपये है। फिर आरोपित ने शिकायतकर्ता पर ईमेल किया कि उन्हें प्लॉट की कुल कीमत की 25 प्रतिशत रकम यानि 1,84,500 रुपये जमा करने होंगे। इस पर अधिकारी ने आरोपित द्वारा बताए गए बैंक खाते में संबंधित रकम ट्रांसफर कर दी।

**जिस योजना में आवेदन किया, वह चार सितंबर को हो गई बंद:** जालसाज ने 15 सितंबर को भी अधिकारी के पास फोन किया। उसने कहा कि फाइल के अप्रूवल के बाद शेष 75 प्रतिशत रकम 16 सितंबर तक जमा करानी होगी। इस बार शिकायतकर्ता को उन पर शक हो गया। उन्होंने यीडा फाइनेंस मैनेजर से जानकारी ली। मैनेजर ने बताया कि जिस योजना के तहत आवेदन किया गया है। वह चार सितंबर को ही बंद कर दी गई है। मैनेजर ने कहा कि यह सब कुछ धोखाधड़ी है। तब पीड़ित ने मामले की शिकायत दक्षिण साइबर पुलिस थाने में दी।

**जालसाजों ने निजी बैंक खाते में ट्रांसफर कराए पैसे:** जालसाजों ने पीड़ित से एक निजी बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर कराए। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने निजामुद्दीन नाम के बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर किए। यह खाता ग्रेटर नोएडा अल्फा एक कोटक बैंक का है। पुलिस ने खाते के बारे में संबंधित बैंक से जानकारी मांगी है। इसके अलावा पीड़ित ने पुलिस को आरोपित का मोबाइल नंबर भी मुहैया कराया है। हालांकि, संबंधित मोबाइल नंबर ठगी के बाद से ही बंद है।

# फ्यूजन के नाम पर शास्त्रीय संगीत के साथ छेड़-छाड़ होगी मुश्किल

**परंपरा को बचाव**

**8 भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना और पंडित बिरजू महाराज की प्रमुख शिष्या शाश्वती सेन को इसका निमंत्रक बनाया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** **भारत के शास्त्रीय संगीत और नृत्य क**ला की मूल परंपरा को बचाए रखने के लिए अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर कला संबंधों के क्षेत्र में काम करने वाली भारत सरकार की संस्था को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने एक समिति का गठन किया है। भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना और पंडित बिरजू महाराज की प्रमुख शिष्या शाश्वती सेन को इसका निमंत्रक बनाया गया। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अध्यक्ष विनय सहस्रबुद्धे ने हिन्दुस्थान समाचार के साथ खास बातचीत में बताया कि यह समिति इस बात पर नजर रखेगी कि फ्यूजन नृत्य शैली के नाम पर कहीं उस शास्त्रीय नृत्य और संगीत शैली की मूल भावना के साथ छेड़-छाड़ तो नहीं की जा रही है । यह समिति भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत के क्षेत्र में काम करने वाले उन शिक्षकों के लिए बनी है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षक के तौर पर कर रही है। उन्होंने बताया कि यह समिति शास्त्रीय नृत्य और संगीत के शिक्षकों को उनकी योग्यता के आधार पर एक सूची तैयार करेगी फिर उन्हें मान्यता प्रदान करेगी। इससे विदेशी छात्र सुनिश्चित कर पाएंगे कि उन्हें सही नृत्य सिखाया जा रहा है। इन मान्यता प्राप्त शास्त्रीय संगीत और नृत्य के शिक्षकों की सूची आईसीसीआर के वेबसाइट पर डाली जाएगी। भारतीय शास्त्रीय नृत्य-संगीत को सीखने की इच्छा रखने वाले विभिन्न देशों के छात्र अपने मनचाहे शिक्षक का चयन कर सकेंगे।

# 28 सितंबर को उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को ज्ञापन देगा महासंघ

## दुष्यंत चौटाला को उनके विधानसभा क्षेत्र उचाना कार्यालय में कर्मचारियों की जायज मांगों का पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा जाएगा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
हरियाणा कर्मचारी महासंघ जिला कुरुक्षेत्र की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग स्थानीय नया बस स्टैंड परिसर में यूनियन कार्यालय में जिला प्रधान कृष्ण चौहान की अध्यक्षता में हुई मंच का संचालन जिला सचिव अमरीक सिंह चट्ठा ने किया मीटिंग में महासंघ से संबंधित विभागीय संगठनों व महासंघ के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्यों व सभी ब्लॉकों के प्रधान/सचिवों ने भाग लिया मीटिंग में विशेष तौर पर प्रांतीय उप महासचिव रामनिवास शर्मा, प्रांतीय सचिव दिनेश कौशिक, प्रांतीय सह सचिव अश्वनी मलिक उपस्थित रहे। मीटिंग में जिला प्रधान कृष्ण चौहान ने बताया कि हरियाणा कर्मचारी महासंघ द्वारा पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 28 सितंबर को प्रदेश के



उपमुख्यमंत्री (हरियाणा सरकार) दुष्यंत चौटाला को उनके विधानसभा क्षेत्र उचाना कार्यालय में कर्मचारियों की जायज मांगों का पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा जाएगा व उपमुख्यमंत्री द्वारा पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारीयों से किया गया वादा याद दिलाया जाएगा व सभी ब्लॉक प्रधान व सचिवों को उचाना पहुंचने के लिए अपने अपने ब्लॉकों से सभी विभागों के कर्मचारियों को लेकर उचाना पहुंचने के निर्देश दिए गए सभी ब्लॉक प्रधान/सचिवों द्वारा अपने वक्तव्य में जिला संगठन को

**मंथन**

**8 उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को द्वारा पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारीयों से किया गया वादा याद दिलाया जाएगा**

आश्वस्त किया गया की सभी ब्लॉकों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कर्मचारी उचाना पहुंचकर ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनाने का काम करेंगे जिला प्रधान ने हरियाणा सरकार को चेताते हुए कहा कि हरियाणा सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों के समाधान के लिए हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय नेतृत्व को बातचीत के लिए बुलाकर के समाधान करने का काम करें

# अमित बिंदल ने गोहाना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया

**जागरूक किया**

**8 प्रधानमंत्री के गरीबों एवं कमजोर वर्ग के लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से बताया**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत प्रदेश** भाजपा नेता अमित बिंदल ने गोहाना विधानसभा के रूखी चिढ़ाना मुंडलाना और गामड़ी आदि विभिन्न गांव का दौरा किया। अपने जनसंपर्क अभियान मे अमित बिंदल ने ग्रामवासीयो को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीबों एवं कमजोर वर्ग के लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से बताया। भाजपा नेता ने केंद्र सरकार को एक सफल और



जन प्रिय सरकार बताते हुए आने वाले 2024 के लोकसभा के चुनाव में जनता से फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया । अमित बिंदल ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है गरीबों के लिए आयुष्मान कार्ड फ्री गैस सिलेंडर प्रधानमंत्री आवास योजना आदि प्रमुख लाभकारी योजनाओं को जमीन पर उतर कर भाजपा सरकार ने देश और हरियाणा में जनहित का काम किया है। अमित बिंदल ने कहा कि हाल ही में नए लोकसभा भवन में महिला आरक्षण बिल को पारित कराकर नरेंद्र मोदी की सरकार ने ऐतिहासिक काम किया है।

# वीर सैनिकों व स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से युवाओं को देश सेवा की लेनी चाहिए प्रेरणा: अशोक

## शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेकर युवाओं को देश की सेवा के लिए आगे आना चाहिए

**प्रेरणास्त्रोत**

**8 वीर सैनिकों व स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को देश के प्रत्येक नागरिक को याद रखना चाहिए**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक मुंजाल ने कहा कि वीर सैनिकों व स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को देश के प्रत्येक नागरिक को याद रखना चाहिए। इस वीर शहीदों के बलिदान के कारण सभी आजादी की सांस ले रहे है। इसलिए शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेकर युवाओं को देश की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। जिप सीईओ अशोक मुंजाल शनिवार को जिला सैनिक बोर्ड द्वारा आयोजित हरियाणा वीर शहीदी दिवस पर बोल रहे थे। इससे पहले जिप सीईओ अशोक मुंजाल, पूर्व वीर सैनिक कर्नल राजकुमार, मुख्य लिपिक रणधीर सिंह, सूबेदार आरआर शर्मा, सूबेदार रविंद्र कुमार कौशिक, नायब सुबेदार रवि कुमार, हवलदार रोशन लाल, हवलदार दलेर सिंह, हवलदार वेद प्रकाश, रामकुमार स्टाफ सैनिक सहित अन्य सैनिकों ने शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों



को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीदों के परिजनों को नमन किया। जिप सीईओ ने कहा कि पूरे प्रदेश में शहीद राव तुला राम के शहीदी दिवस को मनाया जा रहा है। इस महान नायक को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में गिना जाता है। शहीद राव तुला राम को हरियाणा में राज नायक के रूप में माना जाता है। आज शहीदी दिवस पर उन सभी शहीदों को याद किया जाता है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा दी। कर्नल राजकुमार ने कहा कि इन शहीदों ने निस्वार्थ भाव से देश की सीमाओं की रक्षा करने के लिए अपना कुछ न्योछावर कर दिया। इन महान लोगों के कारण देशवासी आजादी की सांसे ले रहे है। इन शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी को देश की सेवा के लिए आगे आना चाहिए।

उन्होंने शहीद राव तुला राम के जीवन व शहादत पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद राव तुला राम ने अंग्रेजों के खिलाफ सभी को संगठित करके विद्रोह किया और देश को आजादी दिलाने में अहम भूमिका अदा की और उनके बलिदान को सभी को याद करना चाहिए और प्रेरणा लेकर देश की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। सभी को शहीदों को हमेशा याद रखना चाहिए, क्योंकि इन शहीदों के कारण आज सभी खुली हवा में सांस ले रहे है। इन वीर शहीदों की शहादत समाज को हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।

# बलिदानियों के बलिदान से देश सदैव प्रेरणा लेता रहेगा: ओम

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल ।** प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने शनिवार को नारनौल के नसीब पुर स्थित अमर शहीद राव तुलाराम स्मारक स्थल पहुंचकर अमर शहीद राव तुलाराम सहित ज्ञात व अज्ञात अमर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रशासन की तरफ से एसडीएम मनोज कुमार व नगर पालिका ईओ स्नेह लता मौजूद रही। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि इतिहास गवाह है कि नसीबपुर के इस मैदान में अमर शहीद राव तुलाराम सहित अनेको स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लिया था। आजादी के लिए आज तक भारत के लिए जीने मरने वाले हमारे वीर जवान भारत की आन बान शान है। राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले बलिदानियों के बलिदान से देश सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

# शिक्षा अधिकारी ने एफएलएन कार्यक्रम का अवलोकन किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
निपुण हरियाणा मिशन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मोहड़ा गाँव के राजकीय प्राथमिक पाठशाला और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। अधिकारी द्वारा एफ०एल०एन० कार्यक्रम के अंतर्गत पहली से तीसरी कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों को बारीकी से जांचा गया और शिक्षकों द्वारा उनके शिक्षण कार्य में प्रिंटरिच व टी.एल.एम. इत्यादि के प्रयोग को भी ध्यान पूर्वक देखा गया। अध्यापकों की दैनिक डायरी, शिक्षक संदर्शिका व विद्यार्थियों की अभ्यास-पुस्तिका का भी बड़ी बारीकी से अवलोकन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा



अधिकारी के समक्ष न केवल अपठित हिंदी वाक्य पढ़कर सुनाए गए बल्कि शिक्षिका निशा के साथ उन्होंने पूरे हाव भाव के साथ पाठ्य पुस्तक से ' काला बादल ' कविता का गायन भी किया। अधिकारी ने मोहड़ा गाँव के राजकीय प्राथमिक पाठशाला के छात्रों एवं शिक्षिका निशा द्वारा विद्यालय में संपन्न करवाए जा रहे एफ०एल०एन० कार्यक्रम के सभी क्रियाकलापों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहड़ा की लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब और मिड डे मील का भी निरीक्षण किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय के विद्यार्थिओं द्वारा एफएलएन कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने, पढ़ाई के साथ साथ पाठ्येतर

**गतिविधियां**

**8 कार्यक्रम के अंतर्गत पहली से तीसरी कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों को बारीकी से जांचा गया**

गतिविधियों में भाग लेने और विभिन्न जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर क्लस्टर प्रमुख अंजना बजाज व एबीआरसी दीपिका जिंदल द्वारा अध्यापकों को बढ़िया नेतृत्व व मार्गदर्शन देने के उनके कार्य की सराहना की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्राचार्य डॉ अंजना बजाज एवं एबीआरसी श्री मति दीपिका जिंदल भी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के साथ उपस्थिति रहीं।

# शैक्षणिक भ्रमण पर कुरुक्षेत्र आए झज्जर जिले के छात्रों का किया अभिनंदन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक )**
हरियाणा प्रदेश के झज्जर जिले के 11वीं कक्षा के 100 विद्यार्थियों तथा विज्ञान प्राध्यापकों का धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने बताया कि अमृतसर, अटारी बॉर्डर, पुष्पा गुजराल साइंस सिटी का भ्रमण करने के पश्चात विद्यार्थी कुरुक्षेत्र के दर्शनीय स्थलों पैनोरमा तथा विज्ञान केंद्र, श्री कृष्ण म्यूजियम, ज्योतिसर तीर्थ तथा ब्रह्म सरोवर का अवलोकन किया। धर्मनगरी का भ्रमण करने आई झज्जर जिले की छात्राओं ने बताया कि उन्होंने पहली बार कुरुक्षेत्र का भ्रमण किया हैं। उन्हें पैनोरमा तथा विज्ञान केंद्र में 3 डी शो बहुत अच्छा लगा।



उन्होंने कहा कि हम कुरुक्षेत्र के बारे में सुनते रहते थे कि ब्रह्मसरोवर पर सूर्य ग्रहण वाले दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैंआज ब्रह्मसरोवर देखकर बहुत अच्छा लगा तथा मन पुलकित हो गयाजिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों

**अवलोकन**

**8 कुरुक्षेत्र के दर्शनीय स्थलों पैनोरमा तथा विज्ञान केंद्र, श्री कृष्ण म्यूजियम, ज्योतिसर तीर्थ तथा ब्रह्म सरोवर का अवलोकन किया**

के व्यक्तित्व में निखार आता है तथा विद्यार्थी एक दूसरे के साथ रहना भी सीख जाते हैं उन्होंने शैक्षणिक भ्रमण के लिए आए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किए गए शैक्षणिक भ्रमण के उद्देश्यों को पूर्ण करने में अपना सहयोग करें।

# जन सहयोग संस्था ने साफ सफाई करके मनाया शहीदी दिवस



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक ) कुरुक्षेत्र:** शहीदी दिवस के अवसर पर जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र ने आज जिला रेड क्रॉस सोसायटी कुरुक्षेत्र,कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड,नगर परिषद थानेसर, सत्कार भोजनालय के साथ मिल कर ब्रह्मसरोवर पर सफाई अभियान चलाया औ? ब्रह्मसरोवर पर पार्क की सफाई की व लोगों को भी साफ सफाई रखने के लिए जागरूक किया।
संस्था संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि साफ सफाई हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है और हमें खुद के साथ साथ अपने आसपास भी सफाई रखनी जरूरी है।

# किड्जी स्कूल ने आग सुरक्षा संबंधी सेमिनार में भाग लिया

**फायर सेफ्टी**

**8 अग्नि सुरक्षा नियमों को बताते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यालय में अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाए**

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक**
किड्जी स्कूल ने फायर एंड सेफ्टी संस्थान ( कुरूक्षेत्र) द्वारा आयोजित आग सुरक्षा संबंधी सेमिनार और कार्यशाला में भाग लिया । इस सेमिनार का आयोजन कैप्टन गुरमेल सिंह (निदेशक ,फायर एंड सेफ्टी संस्थान , कुरुक्षेत्र) और श्रीमान



राजेंद्र सैनी ( संचालक फील्ड एंड रेड क्रॉस , कुरुक्षेत्र) के दिशा निर्देशन में किया गया। कैप्टन गुरमेल सिंह जी ने अग्नि सुरक्षा नियमों को बताते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यालय में अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाए । उन्होंने आग दुर्घटना होने पर उससे बचाव के उपायों का प्रदर्शन करके दिखाया ।श्रीमान राजेंद्र सैनी ने भी अग्नि से होने वाली दुर्घटनाओं का जिक्र करते हुए उनसे बचने के अनेक सुझाव दिए । इस कार्यशाला में अग्निशामक यंत्र के उपयोग करने की कार्यसुचना दी तथा बताया गया कि अग्निशामक यंत्र एक बचाव की युक्ति है। जिसकी सहायता से छोटे आकार की आग को बुझाया जा सकता है । इसके अतिरिक्त उन्होंने अग्निशामक यंत्र के पीले सेफ्टी पिन,होस पाइप प्रयोग संबंधी कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने कहा कि फा युवा वर्ग के लिए रोजगार भी प्राप्त किया जा सकता है इस कार्यशाला में स्कूल प्रबंधक श्री परमिंदर सिंह बाठ जी , सह-संचालिका सुनीता अरोड़ा, ज्योति ,पूजा सहित विद्यालय की सभी अध्यापकाएं शामिल हुई।

# संदीप गर्ग ने लगवाया नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र**/लाडवा( दलबीर मलिक )स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शनिवार को गांव लौहारा में नि:शुल्क हैल्थ चेकअप कैम्प व नि:शुल्क आँखों का जांच शिविर लगाया गया। कैम्प में भारी संख्या में ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य व अपनी आँखों की जाँच करवाई। ग्रामीण विक्रम सिंह ने कहा कि जो यह समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा हल्के के प्रत्येक गाँवों में लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए हैल्थ चेकअप कैम्प लगाए जा रहे हैं। इससे ज्यादा सराहनीय कार्य कोई हो नहीं सकता। उन्होंने कहा कि सभी को समाजसेवी संदीप गर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए और जो वह सामाजिक कार्य कर रहे हैं उसमें अपनी भागीदारी जरूर निभानी चाहिए। वहीं नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना चाहिए और जो यह नि:शुल्क हेल्थ कैम्प

**परामर्श**

**8 कैम्प में भारी संख्या में ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य व अपनी आँखों की जाँच करवाई**

लगते हैं। इनमें जाकर अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य करवानी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कैम्प में 482 ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य व आंखो की जांच करवाई तो वहीं 319 लोगों को संदीप गर्ग द्वारा नि:शुल्क चश्में वितरित किए गए। वहीं 30 लोगों के संदीप गर्ग द्वारा आँखों के ऑपरेशन भी करवाएं जाएंगे। मौके पर विक्रम सिंह, सतविन्द्र कौर, मुख्यतार सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरमीत सिंह, राजू सिंह, गौरी, बबली, सुनीता, कविता, मीनाक्षी, गुरदीप कौर, सुरजीत सिंह, प्यारा सिंह, सिंदर कौर, साहब सिंह, दर्शनी कौर आदि मौजूद थे।

# शहीदी दिवस पर शहीदों को पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया

**सम्मान**

**8 हमें वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को सदैव याद रखना चाहिए जिनकी बदौलत आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया /अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार ने शहीद मेजर अमित आहुजा व प्रेमनगर स्थित स्वतंत्रता सैनानी बंसी लाल के घर जाकर तथा जेल लैंड स्थित शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने इस मौके पर परिजनों से मिलकर उनका कुशलक्षेम भी पूछा। इस मौके पर



एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि हमें अपने उन वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को सदैव याद रखना चाहिए जिनकी बदौलत आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन जाने.अनजाने अनगिनत वीर शहीदों को शब्दों के साथ साथ मन से हमें श्रद्धांजली देनी चाहिए और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश के नवनिर्माण में भागीदार बनना चाहिए।
उन्होनें कहा कि हमें अपने बच्चों को शिक्षा के साथ साथ देशभक्ती नैतिकता और शहीदों के जीवन दर्शन का ज्ञान भी देना चाहिए। उन्होने यह भी कहा कि हम



सभी देशवासियों को अपने सैनिकों के दृढ संकल्प एवं समपर्ण पर गर्व है जिसके लिए मैं उनके अदम्य साहस एवं वीरता को प्रमाण करता हूं।
एसडीएम दर्शन कुमार ने जेल लैंड स्थित शहीद स्मारक पर जाकर भगत सिंहए राजगुरू व सुखदेव की प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सैक्टर 7 स्थित शहीद अमित आहुजा के घर जाकर उन्होंने उनकी प्रतिमा पर माला पहनाकर उन्हें भी नमन किया। इस दौरान उन्होंने मेजर शहीद अमित आहुजा के भाई अतुल आहुजा से बातचीत करते हुए परिवार का कुशलक्षेम भी पूछा।

## न्यूज फ्लैश

### महिलाओं को आगे बढ़ने में मील का पत्थर सावित होगा विधेयक : कृष्णा गहलावत



**राई।** पूर्व मंत्री व हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड की पूर्व चेयरमैन कृष्णा गहलावत ने महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक राज्यसभा में पास होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सांसदों का आभार जताते हुए कहा कि विधेयक हर क्षेत्र की महिलाओं को आगे बढ़कर अपनी पहचान बनाने का मौका देगा। राज्यसभा में विधेयक के पारित होने से यह महिलाओं को उनका हक मिल गया है। अब महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रविधान रहेगा। उन्होंने नारी शक्ति वंदन विधेयक से नारी का आत्म-सम्मान बढ़ेगा और इस कदम से देश में महिलाओं के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अनुकूल वातावरण तैयार होगा। पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने कहा कि देश, समाज के लिए नीति निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से उनकी नेतृत्व की प्रतिभा निखरकर सामने आएगी। देश में महिला मोदी ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी दलों को एक मंच पर लाना सुनिश्चित किया।

### प्रधानमंत्री मोदी की मजबूत इच्छाशक्ति की बदौलत बिल सर्वसम्मति से पारित: पुनीत त्यागी



**राई।** निगम पार्षद एवं जिला उपाध्यक्ष पुनीत त्यागी ने कहा महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण विधेयक की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस सपने को साकार करने में प्रधानमंत्री मोदी की पहल को इतिहास के इतिहास में सुनहरे अक्षरों से लिखा जाना चाहिए। निगम पार्षद पुनीत त्यागी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया, पुनीत त्यागी ने कहा कि विधायी निकायों में महिलाओं के लिए विशेष कोटा आवंटित करना गर्व का क्षण है और भविष्य में उनकेफैसले राष्ट्रों के विकास में महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि अगर आंकड़े देखें तो स्पष्ट है कि राज्यों की विधानसभाओं में मुश्किल से 5-10 प्रतिशत महिलाएं आती हैं, वहीं लोकसभा में मुश्किल 15 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिखता है। प्रधानमंत्री मोदी की मजबूत इच्छाशक्ति की बदौलत आज देश में महिला आरक्षण बिल सर्वसम्मति से पारित हुआ है।

### खिजरपुर अहीर में शहीद राव तुलाराम को ग्रामीणों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की



**गन्नौर।** शहीदी दिवस के अवसर पर खिजरपुर अहीर में शहीद राव तुलाराम को ग्रामीणों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय यादव व मंच संचालन विशाल किया। कार्यक्रम में अहीर रेजिमेंट संघर्ष समिति के संरक्षक कर्नल घीसाराम,अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण यादव,उपाध्यक्ष रावबीर सिंह ने अपने विचारो से आजादी में अहीरों के योगदान से अवगत कराया और 1962 व कारगिल युद्ध में अहीरो के जांबाज सैनिकों की प्रशंसा ,करते हुए विशेष तौर पर रेजांग ला चौकी पर हुए भीषण युद्ध में वीर सैनिकों की शहादत को नमन किया। उन्होंने अहीर रेजिमेंट बनाने के लिए भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि भारतीय सेना में भर्ती हुए अहीर जवानों का साहस वृद्धि के लिए बाकी रेजिमेंट की तरह अहीर रेजिमेंट का नाम उनके कंधे पर होने चाहिए। अहीर कौम की संख्या और वीरता दोनों ही इस मांग के लिए उपयुक्त है। इसलिए यह एक मांग नहीं बल्कि हक है। इस अवसर पर मांग उठने वालों में राव बीरसिंह, धर्म सिंह कोसलिया, राव रामफूल,राव कृष्ण,राधेश्याम एडवोकेट का गांव के सरपंच व ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र यादव,रोहताश यादव,वीरेंद्र यादव,जगबीर सिंह, शमशेर यादव,अश्विनी यादव,सतपाल यादव,सुभाष यादव,राजीव यादव, बलवान यादव, जगदीश यादव, रामफल अन्य मौजूद थे।

**राजा राव तुलाराम ने अंग्रेजों को चटाई थी धूल : अजय यादव** – कार्यक्रम के अध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि राजा राव तुलाराम ने अंग्रेजों को चटाई थी धूल, चटाकर ब्रिटिश सम्राज्य की नींव हिला दी थी। 1857 की क्रांति किया था। राजा राव तुलाराम आजादी के पहली लड़ाई के सेनानायकों में से एक थे।

# विज का ओएसडी बन लाखों की ठगी का आरोपी आशीष गुलाटी जेल भेजा

## रिमांड मांगते हुए कहा गया कि इस मामले में रूपयों की बरामदगी करनी है व एक अन्य आरोपी रिश्तेदार को भी गिरफ्तार किया जाना चाहिए



**टीम एक्शन इंडिया /अम्बाला (मनीष कुमार)** गृहमंत्री का ओएसडी बताकर पुलिस कर्मी को बहाल करने व भर्ती करवाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने भाजपा महेश नगर मण्डल के उपाध्यक्ष आशीष गुलाटी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से पुलिस द्वारा उसका रिमांड मांगते हुए कहा गया कि इस मामले में रूपयों की बरामदगी करनी है व एक अन्य आरोपी रिश्तेदार को भी गिरफ्तार किया जाना है। साथ ही ओर अधिक पूछताछ भी की जानी है। लेकिन अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है। वहीं अदालत में बहंस के दौरान उसके वकील ने कहा की आशीष गुलाटी को एक दिन पहले ही गिरफ्तार कर थाने में ले आए थे। आरोपी के वकील ने अदालत में कुछ सीसीटीवी फुटेज भी पेश किये जिसमें दिखाया गया कि आरोपी थाने की ओर जाता हुआ नजर आ रहा था। जज विवेक चौधरी की अदालत ने दोनों पक्षों की बहंस सुनने के बाद आरोपी आशीष गुलाटी को जेल भेजने के निर्देश दिये। इस मामले में पुलिस ने गत दिवस एफआईआर दर्ज की थी। आईजी अंबाला सिवाच कविराज ने बताया कि शिकायतकर्ता स्वयं गृहमंत्री के समक्ष पेश हुआ था तथा बताया कि आरोपी ने खुद को ओएसडी बताया और एक रिश्तेदार को सब इंस्पेक्टर भर्ती करवाने के लिए पैसे लिये और साथ ही एक फर्जी भर्ती का भी जिक्र किया। उन्होंने साक्ष्य सहित गृहमंत्री को शिकायत दी थी। जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। उन्होंने बताया कि आशीष गुलाटी और लक्ष्य दत्ता के नाम से एफआईआर दर्ज की गई है। आगे जो भी व्यक्ति संलिप्त पाए जाएगें उनके नाम भी एफआईआर में दर्ज किए जाएगें तथा कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि गत दिवस कुरूक्षेत्र जिले के पेहवा निवासी मनीष गर्ग ने शिकायत देते हुए कहा था कि आरोपी ने खुद को विज का ओएसडी बताते हुए उससे पैसे लिए और नकली दस्तावेज थमा दिए।

## जिले भर से शहीदों के घर से माटी प्राप्त किया गया शहीदों को नमन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,कमाल हुसैन**
देश शहीदों की शहीदी के कारण सुरक्षित है। देश को आजाद कराने में अनेकों भारत माता के सपूतों ने अपनी शहादत दी थी तब हमे आजादी मिले ।आजादी को बरकरार रखने के लिए भी बहुत सारे मां भारती के लाल शहीद हुए उन सबको आज हरियाणा दिवस पर कोटि कोटि नमन व वंदन आज करते है ये शब्द छौक्कर ने गांव किवाना में मेरी माटी मेरा देश अभियान के माटी प्राप्त करने के बाद उपस्थित लोगो को अपने संबोधन में कहे। छौक्कर ने कहा देश की रक्षा तथा सुरक्षा में युद्ध काल तथा शांति काल में शहीद हुए सभी शहीदों को आज नमन करने का दिन है ।जिनकी वजह से हम सुरक्षित महसूस करते है। छौक्कर ने प्रधानमंत्री मोदी का भी आभार जताया की उन्होंने ये मेरी माटी मेरा देश अभियान चला कर देश की शहीदों को नमन करने का अवसर दिया। इसी मिट्टी से पार्क बना मोदी ने शहीदों की याद को चिरस्थाई बनाए जाने पर भी मोदी का आभार जताया।

## जिले भर में मेरी माटी में देश अभियान चल प्राप्त की शहीदों के घर से माटी



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,कमाल हुसैन**
**देश** शहीदों की शहीदी के कारण सुरक्षित है। देश को आजाद कराने में अनेकों भारत माता के सपूतों ने अपनी शहादत दी थी तब हमे आजादी मिले ।आजादी को बरकरार रखने के लिए भी बहुत सारे मां भारती के लाल शहीद हुए उन सबको आज हरियाणा दिवस पर कोटि कोटि नमन व वंदन आज करते है ये शब्द जिला भाजपा अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने गांव ऊझा में मेरी माटी मेरा देश अभियान के माटी प्रात्प करने के बाद उपस्थित लोगो को अपने संबोधन में कहे। डा अर्चना गुप्ता ने कहा देश की रक्षा तथा सुरक्षा में युद्ध काल तथा शांति काल में शहीद हुए सभी शहीदों को आज नमन करने का दिन है ।जिनकी वजह से हम सुरक्षित महसूस करते है। डा अर्चना ने प्रधान मोदी का भी आभार जताया की उन्होंने ये मेरी माटी मेरा देश अभियान चला कर देश की शहीदों को नमन करने का अवसर दिया।

## दूसरे दिन की भागवत कथा में हुआ राजा परीक्षित एवं कपिल- देवहूति संवाद

**महेंद्रगढ़।** श्री गीता विज्ञान प्रचार समिति महेंद्रगढ़ की ओर से करेलिया में बाजार स्थित बाबा जयरामदास धर्मशाला में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानोत्सव में हरिद्वार से पधारे श्रीश्री1008 महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती ने गत दिवस शुक्रवार तीसरे दिन की भागवत कथा में राजा परीक्षित के जन्म, कर्म ,मोक्ष की कथा, अश्वत्थामा का निंदनीय कृत्य और उसकी पराजय,विदुर जी के उपदेश, भगवान का विराट स्वरूप वर्णन, वराह अवतार, भक्त प्रहलाद की भक्ति, कर्मद देवहूति विवाह एवं कपिल के रूप में भगवान के अवतार का वर्णन किया जबकि मंच संचालन का कार्य प्रवक्ता सुशील शर्मा की ओर से किया गया ।कपिल अवतार का वर्णन करते हुए गुरुजी ने बताया कि भगवान विष्णु ने कपिल मुनि के रूप में पंचम अवतार लिया था ।कपिल मुनि सांख्य शास्त्र के प्रवर्तक माने जाते हैं।

## एचएसजीएमसी की वोट बनवाने के लिए गुरतेज सिंह अंटाल ने किया गांवों का दौरा



**टीम एक्शन इंडिया /अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के गठन के बाद इन दिनों जिला अंबाला में वोट बनवाने का कार्य तेजी से चल रहा है तो वहीं लोगों को वोट बनवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। समाज सेवी एवं सिख चिंतक तथा सूर्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर एडवोकेट गुरतेज सिंह अंटाल (94680-89045) ने आज बलाना, लखनौर साहिब, लायलपुर बस्ती, जंडली, कोलां सहित कई ग्रामों में दौरा किया और सिख संगतों को मॉडल टाऊन बलदेव कैंप, जग्गी कॉलोनी, मोटर मार्केट में भी गए। इस अवसर पर उनके साथ जिला परिषद के सदस्य मक्खन सिंह लबाना, नायब सिंह लखनौर साहिब, गुलजार सिंह खन्ना माजरा, रविंद्र सिंह भाटिया प्रेम नगर, अमरजीत सिंह लायलपुर बस्ती, सुनील त्रेखा पूर्व चेयरमैन अम्बाला कल्ब, सोनू भाटिया, रत्न सिंह बलदेव कैंप, जसपाल सिंह हीरा बलदेव कैंप सहित अनेक लोग मौजूद थे। वे गांवों में जाकर सिख संगत को वोट बनावाने के लिए प्रेरित कर रहे है तथा लोगों को बताया जा रहा है कि हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी का गठन किया गया था। जिसके बाद अब कमेटी के चुनाव होने है तथा सिख परिवार इन चुनावों में अपनी भागीदारी निभाएं और गरू घर व समाज की सेवा करने वाले उम्मीदवार को भारी मतों से विजयी करवाएं।

# '11 से 1 बजे तक लोगों की शिकायतें सुनने के क्रम को जारी रखें'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि वे 11 से 1 बजे तक लोगों की शिकायतें सुनने के क्रम को जारी रखें और लोगों की समस्याओं का समाधान करें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंडियों में 25 सितम्बर से खरीद शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री आज शनिवार को प्रदेशभर के उपायुक्तों एवं अन्य अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने कहा कि आमजन को किसी भी प्रकार की समस्या नही आनी चाहिए। जनसंवाद के कार्यक्रम इसी उद्देश्य से प्रारम्भ किए गए हैं। बैठक में कई विषयों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को कहा कि धान खरीद के समय किसानों को कोई भी समस्या नही आनी चाहिए। उन्होंने मंडियों में सफाई, सडकें, बिजली, शौचालय आदि की प्रर्याप्त व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसम को देखते हुए मंडियों में तरपालों की भी प्रर्याप्त व्यवस्थाएं होनी चाहिए। उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा की मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने समीक्षा बैठक के दौरान जिलों में उर्वरकों की उपलब्धता के बारे में भी चर्चा की और कृषि क्षेत्र के लिए आने वाले यूरिया का कमर्शियल उपयोग ना हो इसके लिए सख्ती करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जहां-जहां कमर्शियल इस्तेमाल होता है वहां अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें ताकि किसानों को समय पर प्रर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो सके।
मुख्यमंत्री ने बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं से जुड़े कार्यो को लेकर भी उपायुक्तों से चर्चा की और लम्बित कामों से सम्बंधित रिपोर्ट तत्काल भेजने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यो को लेकर अधिकारी गम्भीरता से काम करें और मामलों को अधिक समय तक लम्बित ना रखें। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान पिछले कुछ समय में लिंगानुपात में कुछ कमी आने पर चिंता जताते हुए कहा कि सम्बंधित विभाग इस सम्बंध में जागरूकता अभियान चलाए और पीएनडीटी एक्ट को लेकर भी सख्ती से काम करें ताकि लिंगानुपात और सुधर सके। समीक्षा बैठक के दौरान मेरी माटी-मेरा देश अभियान को लेकर भी चर्चा हुई इस दौरान मुख्मयंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा लोक संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में चल रहे इस अभियान का पहला चरण 15 अगस्त तक पूर्ण हो चुका है। दूसरे चरण में हर घर मिट्द्टी वंदन कार्यक्रम चल रहा है।

## टाटा एआईए सर्वोच्च गुणवत्ता वाले एमडीआरटी सलाहकारों की संख्या के लिहाज से वैश्विक स्तर पर 5वें और भारत में पहले स्थान पर

**पानीपत।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) को एमडीआरटी क्वालिफाइड (योग्यता प्राप्त) सलाहकारों की सबसे अधिक संख्या के लिए दुनिया के शीर्ष 5 बीमाकताओं में स्थान दिया गया है। कंपनी के पास, 1 जुलाई, 2023 तक प्रतिष्ठित एमडीआरटी (मिलियन डॉलर राउंड टेबल) लीग के लिए क्वालीफाई करने वाले कुल 1,978 सलाहकार थे। एमडीआरटी क्वालिफाइड सलाहकारों को जीवन बीमा के क्षेत्र में उनके ज्ञान और विशेषज्ञता के स्तर को देखते हुए उद्योग में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस तरह, वे उपभोक्ताओं को सटीक सलाह देने और उन्हें उनके जीवन के चरण की जरूरतों को पूरा करने में मदद करने के लिए हर तरह की योग्यता से लैस होते हैं। टाटा एआईए की एक और उपलब्धि यह रही कि क्वालिफाइड महिला एमडीआरटी सलाहकारों की सबसे अधिक संख्या (936) के लिहाज से यह वैश्विक स्तर पर 9वें और भारत में पहले स्थान पर है। कंपनी, पहली बार इस मोर्चे पर दुनिया की शीर्ष 10 कंपनियों में शामिल हुई। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य एजेंसी अधिकारी, अमित दवे ने कहा, ह्लइतने सारे टाटा एआईए सलाहकारों को वैश्विक मान्यता पाते और इतना विशिष्ट सम्मान हासिल करते हुए देखना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। टाटा एआईए में, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे उपभोक्ताओं को मूल्य श्रृंखला में, विशेषकर सलाहकारों से बेहतरीन सलाह और अनुभव मिले। इसे संभव बनाने के लिए, हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारे सलाहकारों को उद्योग के लिहाज से अग्रणी प्रशिक्षण, आगे बढ़ने में मदद और कैरियर में तरक्की के अवसर मिलें।

## स्वास्थ्य सेवा में अधिक पूंजी लाने के लिए सहयोग की आवश्यकता: अश्वजीत

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**
**21 सितंबर, 2023 को न्यूयॉर्क शहर में संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च-स्तरीय** बैठकों के मौके पर आयोजित वैश्विक स्वास्थ्य के लिए इम्पैक्ट इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (ट्रिपल आई) के लॉन्च कार्यक्रम में, यूएसएआईडी-समर्थित समृद्ध हेल्थकेयर मिश्रित वित्त सुविधा और इसके तकनीकी सहायता इकाई, आईपीई ग्लोबल को 37 अन्य अग्रणी संगठनों के बीच संस्थापक सदस्यों के रूप में घोषित किया गया।"टुवर्ड मोर रेसिलिएंट, इक्वीटेबल एंड सस्टेनेबल यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज बय 2030" कार्यक्रम जापान सोसाइटी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के मौके पर आयोजित किया गया था, और इसमें यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) के लिए प्रतिबद्ध वैश्विक नेताओं ने भाग लिया था। इस कार्यक्रम में जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स और जी7, जी20, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), विश्व बैंक, यूनिसेफ और गावी के प्रतिनिधियों ने भाषण दिया।

## काम की मांग को लेकर स्ट्रीट लाइट वर्कर करेंगे प्रदर्शन




**टीम एक्शन इंडिया /अम्बाला (मनीष कुमार)** नगर निगम अंबाला शहर में कई वर्षों से स्ट्रीट लाइटों का काम कर रहे वर्करों को आज जेई ने जवाब दे दिया। जेई ने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कुल 6 टीमों का सिलेक्शन हुआ है एक टीम में दो कर्मी होते हैं जिस दौरान कुल 12 कर्मियों का सिलेक्शन हो गया है। जिसके बाद काम से निकाले गए कर्मचारियों में काफी नाराजगी है उन्होंने कहा है की ठेकेदारी से हटाकर उन्हें हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लिया जाए उन्होंने यह भी कहा कि जेई से बात करने गए तो जेई ने उनसे बुरा बर्ताव करते हुए बाहर निकाल दिया । स्ट्रीट लाइट यूनियन के कर्मचारियों का कहना है कि सोमवार को वह भारी संख्या में नगर निगम कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे और अपनी मांगो को रखेंगें। गौरतलब है कि ठेका समाप्त होने के बाद से शहर की स्ट्रीट लाइटों की देख रेख का कार्य अधर में लटका पड़ा है। जिससे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें बंद होने के कारण अंधेरा छाया हुआ है। ऐसे में निगम ने संज्ञान लेते हुए इस बारे में कदम उठाया और 12 कर्मचारियों की टीम को स्ट्रीट लाइटें ठीक करने का काम दिया है। लेकिन कुछ कर्मचारियों ने काम न मिलने से ऐतराज जताया है। ऐसे में अब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाने का काम कितनी तेजी से होगा यह देखने लायक होगा।

# डीएम रेनू एस फुलिया ने साईक्लोथॉन रैली को किया रवाना



**टीम एक्शन इंडिया /अम्बाला (मनीष कुमार)** नशामुक्त हरियाणा का संदेश लेकर चल रही साईक्लोथॉन को सुबह मंडलायुक्त रेणू एस फूलिया ने अम्बाला शहर स्थित शौर्य चौक से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त डा0 शालीन, पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा मौजूद रहे। यह साईकल यात्रा अम्बाला से शहजादपुर, कक्कड़माजरा होते हुए पंचकूला के लिए रवाना हुई। इस मौके पर उपायुक्त डा0 शालीन, पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार, डीएसपी आशीष चौधरी ने साईकल यात्रा में शामिल होकर साईकल चलाते हुए लोगों को नशे से दूर रहने बारे संदेश देने का काम किया। इस मौके पर पुलिस विभाग से आये आरकेस्ट्रा ने देशभक्ति गीतों की बेहतर प्रस्तुति दी।
मंडलायुक्त रेणू एस फूलिया ने इस मौके पर उपस्थित प्रतिभागियों एवं अन्य लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में हरियाणा को ड्रग फ्री करने के लिए साईक्लोथॉन यात्रा से लोगों को विशेषकर युवा पीढी को जागरूक करने का जो काम किया जा रहा है वह काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि नशा एक घातक बीमारी है, इस नशे की चपेट में हमारे बच्चे व युवा आ रहे हैं। हमें उन्हें इससे दूर रखना है। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों व अन्य को भी कहा कि वे अपने बच्चों पर ध्यान रखें। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूलों व कॉलेजों के नजदीक नशे जैसी गतिविधि न हो, इस पर पुलिस ध्यान रखे। उन्होंने साईकल यात्रा में शामिल सभी प्रतिभागियों का स्वागत व आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे युवा वर्ग को नशे से दूर रहने का जो संदेश दे रहे हैं उससे निसंदेह हमारा हरियाणा ड्रग फ्री बनेगा। इस कार्य के लिए हम सबको मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी युवा पीढ़ी को नशे जैसी कुरूति से दूर रखकर खेलों के प्रति जागरूक करना है।
इस मौके पर उपायुक्त डा0 शालीन ने भी साईक्लोथॉन यात्रा के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन के साथ-साथ अन्य सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आज साईकल यात्रा में अम्बाला के साईक्लीस्ट/क्लब व अन्य ने काफी संख्या में भाग लेकर यात्रा का सफल आयोजन करते हुए जिला अम्बाला को नशा मुक्त बनाने की दिशा में संदेश दिया है।

# फ्लिपकार्ट ने मानेसर में रीजनल डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर का शिलान्यास किया



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने मानेसर में रीजनल डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर (आरडीसी) का शिलान्यास किया है। इसके साथ ही कंपनी ने इनोवेशन एवं सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ाया है। यह आरडीसी देश के सबसे बड़े अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स कैंपस में से एक होगा। हरियाणा में अपने सप्लाई चेन इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूती देते हुए फ्लिपकार्ट ने सोनीपत में नए ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर (एफसी) की भी शुरूआत की है। वर्चुअल तरीके से इस सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल, उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला, फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार और वाइस प्रेसिडेंट एवं सप्लाई चेन एंड कस्टमर एक्सपीरियंस हेड श्री हेमंत बद्री उपस्थित रहे। 140 एकड़ से ज्यादा में फैला आरडीसी प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से 10,000 से ज्यादा नौकरियां सृजित करते हुए स्थानीय स्तर पर रोजगार में उल्लेखनीय योगदान देगा।

## संपादकीय

# सनानत धर्म है अनंत, उसका आदि न अंत

**सनातन** धर्म राष्ट्रीय बहस का मुद्दा है। कुछ लोगों द्वारा सनातन धर्म को अपमानित किया जा रहा है। यह अनुचित है। अस्तित्व भी सनातन है। सदा से है। सदा रहता है। इसका न आदि है और न अंत। अस्तित्व का अणु परमाणु एक सुसंगत व्यवस्था में गतिमान है। वेदों में ब्रह्माण्ड के इस संविधान का नाम 'ऋत' है। ऋत विधान भी सदा से है, इसलिए सनातन है। 'सनातन' का अर्थ है जो सदा से है और जिसका आदि और अंत नहीं है। प्रकृति की प्रत्येक इकाई का गुण धर्म होता है। जल का धर्म रस, अग्नि का ताप और स्पर्श वायु का धर्म है। मनुष्य का धर्म लोकमंगल के कर्तव्य हैं। अस्तित्व के संविधान का नाम है सनातन धर्म। सनातन धर्म भारत का धर्म है। इसका ध्येय लोकमंगल है। सनातन धर्म का विकास वैदिक काल से भी पहले हुआ। वैदिककाल के दार्शनिक ऋषि प्रकृति और मनुष्यों के स्वाभाविक परिवेश के प्रति जिज्ञासु रहे हैं। उन्होंने देखा कि अस्तित्व नियमबंधन में है। उन्होंने प्राकृतिक नियमों को ऋत सत्य और धर्म आदि नाम दिये। धर्म एक है। यही सनातन धर्म है। इसे वैदिक धर्म भी कहते हैं और हिन्दू धर्म भी। इसका विकास वैदिक दर्शन से हुआ है। यह सतत विकासशील है। इसमें कालवाह्य छूटता जाता है, नया कालसंगत जुड़ता जाता है। वैदिक साहित्य में धर्म के लिए ऋत शब्द का प्रयोग भी हुआ है। प्रकृति की गतिविधि में सुसंगत व्यवस्था है। यही ऋत है। वैदिक समाज में प्रकृति की शक्तियों की गतिविधि के प्रति आदर भाव है। जीवन जगत के रहस्यों के प्रति जिज्ञासा भी रही है। जिज्ञासा, प्रश्न व संशय धर्म के विकास में सहायक रहे हैं। रिलीजन या पंथ मजहब धर्म नहीं हैं। वे विश्वास हैं। रिलीजन या मजहब के विश्वासों पर प्रश्न संभव नहीं है। धर्म सत्य है। सत्य धर्म है। प्रश्न और जिज्ञासा सत्य प्राप्ति के महत्वपूर्ण उपकरण हैं। प्रकृति प्रत्यक्ष है। उसकी शक्तियां भी प्रत्यक्ष सत्य हैं और नियम भी प्रत्यक्ष सत्य हैं। यही सत्य मानव समाज में भी दिखाई पड़ता है। मनुष्य का सदाचरण नियमबद्ध प्रकृति का अनुसरण है। शाश्वत नियमों का पालन करना कर्तव्य है। यही धर्म भी है। ऋग्वेद (2.8.3) में कहते हैं, 'अग्नि ऋतबद्ध है। इन नियमों का कोई उल्लंघन नहीं कर सकता।' नदियां ऊपर से नीचे समुद्र की ओर बहती हैं। यह प्रकृति का नियम है और जल का धर्म। नदियां ऋतावरी कही गई हैं। ऋत अर्थात प्रकृति के संविधान की पालनकर्ता। सूर्य के लिए कहते हैं, 'उसके नियम को इन्द्र, वरुण, रूद्र आदि देवता नहीं तोड़ सकते।' (2.38.9) ऋषि वायु से कहते हैं, 'नियमों के अनुसार चलने वाले मरुद्गण और सरस्वती हमारी स्तुतियां सुनें।' सभी दिव्य शक्तियां प्रकृति के नियमों का पालन करती हैं। देवता शक्तिशाली हैं लेकिन इन नियमों को तोड़ने का अधिकार देवों को भी नहीं है। ऋत, सत्य और धर्म पर्यायवाची हैं। वैदिककाल में मान्यता थी कि नियम पालन कराना वरुण देवता का कर्तव्य है। वरुण भी यह काम धमार्नुसार ही करते हैं। सूर्य भी धमार्नुसार संसार को प्रकाश से भरते हैं। यहां धमार्नुसार का अर्थ नियमानुसार है। सूर्योदय, सूर्यास्त, दिन के बाद रात, रात के बाद दिन सब नियमानुसार हैं। प्रकृति के सारे नियम सत्य हैं। सनातन हैं। भारतीय परम्परा में विष्णु बड़े देवता हैं। मान्यता है कि वे अवतार लेते हैं।

# स्वच्छता बने स्वस्थ एवं सशक्त भारत का संकल्प

ललित गर्ग

**अस्वच्छता** एवं गंदगी दुनिया की बड़ी समस्या है। साफ-सफाई केवल एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि ये घर, समाज, समुदाय, देश एवं दुनिया के हर नागरिक की जिम्मेदारी है। हमें इसके महत्व और फायदों को समझना चाहिये। हमें संकल्प लेना चाहिये कि न तो हम खुद गंदगी फैलाएंगे और न किसी को फैलाने देंगे। अनेक बीमारियों पर नियंत्रण के लिये साफ-सफाई एवं स्वच्छता जरूरी है, सफाई के विषय में एक कहावत बहुत मशहूर है, कि प्रत्येक व्यक्ति अपना-अपना आँगन साफ करें तो पूरी दुनिया स्वच्छ हो जाए। दुनिया में बढ़ती गन्दगी पर नियंत्रण हो, इसलिये हर साल 24 सितंबर को विश्व सफाई दिवस होता है, इस दिवस का उद्देश्य सफाई कार्यों में भाग लेने के लिए समाज के सभी क्षेत्रों को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करके कुप्रबंधित अपशिष्ट संकट के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। व्यक्तियों, सरकारों, निगमों और संगठनों को सफाई में भाग लेने और कुप्रबंधित कचरे से निपटने के लिए समाधान खोजने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। घर या अपने आसपास संक्रमण फैलने से बचाने और गंदगी के पूर्ण निपटान के लिये हमें ध्यान रखना चाहिये कि कूड़ा केवल कूड़ेदान में ही डालें। सीधी सच्ची बात है कि सफाई सभ्यता का अंग है। जब तक हमारे घर, द्वार और रास्ते गंदे रहेंगे, हमारी आदते गन्दी रहेंगी तब तक हम अपने आपको सभ्य और सुसंस्कृत नहीं कह सकते। गाँव की गलियाँ गन्दी है, सड़कों के किनारे गन्दे हैं, इतना ही नहीं, आज जीवन के हर क्षेत्र में गन्दगी प्रवेश कर गई है। दूषित मनोवृत्ति और दूषित वातावरण के रहते, भले ही लोगों का धर्म और दर्शन कितना ही गौरवपूर्ण एवं प्राचीन क्यों न हो, उन्हें कोई सम्मान नहीं दे सकता। श्रेष्ठता और संस्कृति का पहला गुण स्वच्छता है। हम साफ और स्वच्छ रहकर ही अपने आदर्शों एवं सिद्धान्तों की रक्षा कर सकते हैं। सफाई प्रकृति का एक मौलिक गुण है। स्वच्छता और पवित्रता धर्म का प्रमुख अंग माना जाता है तो उसका सही-सही ज्ञान भी होना आवश्यक है। शिक्षा और संस्कृति के साथ सफाई का स्वास्थ्य से भी अटूट सम्बन्ध है।



महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने ह्लस्वच्छ भारतह्व का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। ह्लस्वतंत्रता से ज्यादा महत्वपूर्ण है स्वच्छताह्व गांधी के उक्त कथन से यह ध्वनित होता है कि वह जीवन में स्वच्छता के कितने बड़े हिमायती थे। सबसे बड़ी बात यह है कि वह सिर्फ बाहरी स्वच्छता यानी घर, पास-पड़ोस आदि के ही पक्षधर नहीं थे, बल्कि मन की स्वच्छता के भी प्रबल पक्षधर थे। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया और इसके सफल कार्यान्वयन हेतु भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने सशक्त भारत-नया भारत के लिये स्वच्छता को प्राथमिक आवश्यकता बताई। इस अभियान के तहत सरकार ने शहर एवं ग्रामीण दोनो क्षेत्रों मे स्वच्छता को बढ़ावा दिया है और पूरे भारत को खुले मे शौच मुक्त करने का प्रण लिया है। अब तक 98 प्रतिशत भारत को खुले में शौचमुक्त बनाया जा चुका है। इसी प्रकार कई अन्य अभियान हैं जैसे निर्मल भारत, बाल स्वच्छता अभियान आदि। सबका उद्देश्य भारत में स्वच्छता को बढ़ावा देना है।

स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हम सभी के लिये बहुत जरूरी है। हमें अपने घर, पालतू जानवर, अपने आस-पास, पर्यावरण, तालाब, नदी, स्कूल आदि सहित सबकी सफाई करते रहना चाहिए। हमें सदैव साफ, स्वच्छ और अच्छे से कपड़े पहनना चाहिये। ये समाज में अच्छे व्यक्तित्व और प्रभाव को बनाने में मदद करता है, क्योंकि ये आपके अच्छे चरित्र को दिखाता है। धरती पर हमेशा के लिये जीवन को संभव बनाने के लिये अपने शरीर की सफाई के साथ पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों-भूमि, पानी, खाद्य पदार्थ, वायु आदि को भी साफ बनाए रखना चाहिये। स्वच्छता हमें मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और बौद्धिक हर तरीके से स्वस्थ बनाता है। हमारे स्वस्थ जीवन शैली और जीवन के स्तर को बनाए रखने के लिये स्वच्छता एवं साफ-सफाई बहुत जरूरी है। ये व्यक्ति को प्रसिद्ध बनाने में अहम भूमिका निभाती है। पूरे भारत में आम जन के बीच स्वच्छता को प्रचारित व प्रसारित करने के लिये भारत की सरकार द्वारा कई सारे कार्यक्रम और सामाजिक कानून बनाए गये और लागू किये गये है। एक व्यक्ति अच्छी आदत के साथ अपने बुरे विचारों और इच्छाओं को खत्म कर सकता है। विचारों कि स्वच्छता हमें एक अच्छा इंसान बनाती है, तो वहीं व्यक्तिगत स्वच्छता हमें हानिकारक बीमारियों से बचाती है।

इसलिये स्वच्छता के सार्वभौमिक, सार्वदैशिक, सार्वकालिक विकास हेतु हमें सदैव प्रयासरत रहना चाहिये। पृथ्वी वह घर है, जहां हम सब एक साथ रहते हैं। औद्योगीकरण के विकास के साथ-साथ औद्योगिक कचरा और घरेलू कचरा दिन-ब-दिन बढ़ रहा है और पृथ्वी की सीमित आत्म-शोधन क्षमता बढ़ते दबाव को सहन करने में सक्षम नहीं है। उदाहरण के लिए, हमारा आमतौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला फोम लंच बॉक्स, क्योंकि वह अपने आप विघटित नहीं हो सकता।

पृथ्वी के लिए, वह एक प्रकार का ह्लश्वेत प्रदूषणह्व है, जिसे कभी समाप्त नहीं किया जा सकता है। पृथ्वी के घर को ताजा और सुखद बनाए रखने के लिए सभी लोगों को अपने से शुरूआत करनी चाहिए, गंदगी फैलाना बंद करना, ऊर्जा प्रदूषण को कम करना, पृथ्वी की स्वच्छता बनाए रखना और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए।

अपने भविष्य को चमकदार और स्वस्थ बनाने के लिये हमें हमेशा खुद का और अपने आसपास के पर्यावरण का ख्याल रखना चाहिये। हमे साबुन से नहाना, नाखुनों को काटना, साफ और इस्त्री किये हुए कपड़े आदि कार्य रोज करना चाहिये। घर को कैसे स्वच्छ और शुद्ध बनाए ये हमें अपने माता-पिता से सीखना चाहिये। हमें अपने आसपास के वातावरण को साफ रखना चाहिये ताकि किसी प्रकार की बीमारी न फैले। कुछ खाने से पहले और खाने के बाद साबुन से हाथ धोना चाहिये। हाथ धोना हमारे लिए कितना जरूरी है, कोरोना महामारी की शुरूआत में यह तो सबको समझ में आ ही गया है। क्योंकि हाथ धुलने से बीमारियों का खतरा काफी कम हो जाता है। हमें पूरे दिन साफ और शुद्ध पानी पीना चाहिये, हमें बाहर के खाने से बचना चाहिये, साथ ही ज्यादा मसालेदार और तैयार पेय पदार्थों से परहेज करना चाहिये। इस प्रकार हम खुद को स्वच्छ के साथ-साथ स्वस्थ भी रख सकते हैं। गंदे पानी व भोजन के सेवन से पीलिया, टाइफाइड, कॉलेरा जैसी खतरनाक बीमारियां फैलती हैं। गंदे परिवेश मे मच्छर पनपते हैं जो मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारियां फैलाते हैं।

स्वच्छता एक क्रिया है जिससे हमारा शरीर, दिमाग, कपड़े, घर, आसपास और कार्यक्षेत्र साफ और शुद्ध रहते है। अपने आसपास के क्षेत्रों और पर्यावरण की सफाई सामाजिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के लिये बहुत जरूरी है। हमें साफ-सफाई को अपनी आदत में लाना चाहिये और कूड़े को हमेशा कूड़ेदान में ही डालना चाहिये, क्योंकि गंदगी वह जड़ है जो कई बीमारियों को जन्म देती है। जो रोज नहीं नहाते, गंदे कपड़े पहनते हों, अपने घर या आसपास के वातावरण को गंदा रखते हैं।

"महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने ह्लस्वच्छ भारतह्व का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। ह्लस्वतंत्रता से ज्यादा महत्वपूर्ण है स्वच्छताह्व गांधी के उक्त कथन से यह ध्वनित होता है कि वह जीवन में स्वच्छता के कितने बड़े हिमायती थे। सबसे बड़ी बात यह है कि वह सिर्फ बाहरी स्वच्छता यानी घर, पास-पड़ोस आदि के ही पक्षधर नहीं थे, बल्कि मन की स्वच्छता के भी प्रबल पक्षधर थे। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया"

## कविता

### सड़क की पीड़ा

मैं ने सुनी हैं उसकी आहटें
मौन पीड़ा और अकुलाहटें
वह बिलखती और तड़पती भी है
आँसूओं से नहाती भी है
लेकिन...
उसकी आवाज मौन है
क्योंकि वह एक सड़क है !
अब वह अकेली है
उजड़ गए हैं उसके श्रृंगार
विस्तार के लिए काट दिए गए पेड़
वह अब नंगी और बेजान है
क्योंकि...
उसका अपनापन लूट गया
अब गर्म सूरज उसे पिघलाएगा
बारिश उसे भिगोएगी
वाहनों की चोट से वह घायल होगी
अपना सुख-दुःख भी नहीं बाँट पाएगी
क्योंकि...
विस्तावाद में उसने अपनों को खो दिया
अब धूप में पिघलना, बारिश में भींगना
गर्मी से जलना और ठंड में सिकुड़ना
उसकी नियति होगी
क्योंकि...
उसका अपनापन लूट गया ?

प्रभुनाथ शुक्ल

# मिर्धा से भाजपा को फायदा होगा ?

अशोक भाटिया

**राजस्थान** सहित पांच राज्यों में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। ऐसे में भाजपा हो या कांग्रेस, दोनों ही पार्टियां इस चुनाव में अपनी ताकत झोंक रही हैं। ज्यादा से ज्यादा सीटें पाने का गणित कुछ ऐसा खेला जा रहा है कि हर कद्दावर नेता को पार्टियां अपनी ओर खींचने में लगी हैं।राजस्थान में भी कुछ ऐसा ही चल रहा है। राजस्थान विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले नागौर लोकसभा सीट से कांग्रेस की पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा के भाजपा में शामिल होने के बाद राजनीतिक नफे-नुकसान को लेकर कयासबाजी हो रही है। ज्योति कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। नाथूराम मिर्धा की कांग्रेस और राज्य की राजनीति में अच्छी पकड़ थी। वह सांसद और विधायक रहे। मिर्धा परिवार दशकों तक मारवाड़ की राजनीति की धुरी भी रहा है। पेशे से डॉक्टर ज्योति मिर्धा ने 2009 में नागौर से लोकसभा चुनाव जीता, लेकिन उसके बाद वह लगातार 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव हार चुकी हैं। दोनों ही चुनाव में ज्योति की टक्कर नागौर में आरएलपी प्रत्याशी हनुमान बेनीवाल से हुई थी। बेनीवाल को भाजपा का समर्थन मिला था। अब बेनीवाल के लिए भाजपा का समर्थन पाना मुश्किल है। ऐसे में भाजपा का दामन थामने के बाद ज्योति ने हनुमान बेनीवाल को उनके सामने चुनाव लड़ने की खुली चुनौती दी है।ज्योति का मानना है पिछले दोनों ही चुनावों में हनुमान बेनीवाल की जीत इसलिए हुई क्योंकि उन्हें भाजपा का समर्थन मिला था। अब 2024 लोकसभा चुनाव में ज्योति भाजपा से चुनाव लड़ सकती हैं। हनुमान बेनीवाल और ज्योति के बीच लंबे समय से वर्चस्व की जंग चल रही है। इसे देखते हुए अब हनुमान बेनीवाल का भाजपा से गठबंधन करना भी मुश्किल है। साथ ही ज्योति ये चुनाव जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकने से भी पीछे नहीं हटेंगी। दो चुनाव हारने के बाद अब ज्योति ने भाजपा ज्वाइन कर ली तो टिका टिपण्णी तो होनी ही थी । अपने पाला बदलने को सही ठहराते हुए, ज्योति ने राजस्थान में कांग्रेस नेतृत्व पर - मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम लिए बिना - क्षेत्रीय दलों को बढ़ावा देने और उनकी अनदेखी करने का आरोप लगाया। उनका परोक्ष संदर्भ बेनीवाल की ओर था, जिन्होंने अब निरस्त हो चुके केंद्रीय कृषि कानूनों को लेकर भाजपा से नाता तोड़ लिया था और धीरे-धीरे उन्हें गहलोत का समर्थन मिल रहा है। अब भाजपा के रणनीतिकारों को लगता है कि ज्योति के आने पार्टी विधानसभा चुनाव में कम से कम 7 से 10 सीटें जीत सकती है।ज्योति के दादा नाथूराम मिर्धा 6 बार सांसद और 4 बार विधायक रहे। इसके अलावा नाथूराम केंद्र और राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। उनकी अपने क्षेत्र में अच्छी पकड़ थी। 1996 में उनका देहांत हो गया, लेकिन उनकी लोकप्रियता इतनी थी कि उनके निधन के 14 साल बाद जब ज्योति मिर्धा ने चुनाव लड़ा तो नाथूराम मिर्धा की पोती होने के नाते उन्हें लोगों का भारी समर्थन मिला।

## विचार

# कौन बना रहा गांधी के सपनों का स्वच्छ भारत

आर.के. सिन्हा,

**महात्मा गांधी का** दिल्ली के मंदिर मार्ग पर स्थित वाल्मिकि मंदिर में देश की आजादी से पहले रहना बेहद खास था। वे वहां 1 अप्रैल 1946 से 10 जून,1947 तक रहे। वे शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मिकी बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। गांधी जी वहां पर स्थानीय वाल्मिकी परिवारों के बच्चों को पढ़ाते हुए उन्हें साफ-सुथरा रहने के महत्व को बताते थे। वे अपने उन विद्यार्थियों को फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में स्वच्छता पर ध्यान नहीं देते थे। अब जब गांधी जयंती आने में अब कुछ ही दिन शेष हैं, तो इस सवाल पर भी विचार करना होगा कि मौजूदा सरकार के सत्तासीन होने से पहले देश में साफ-सफाई को लेकर किसी तरह का कोई आंदोलन क्यों नहीं चल रहा था? हां, गांधी जी का नाम उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर बहुत लिया जाता रहा है । आप मानेंगे कि गांधी जी के स्वच्छता को लेकर रही सोच को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की। साल 2014 में यह मुहिम छेड़ी गई और यह ऐसा पहला अवसर था जब देश के किसी प्रधानमंत्री ने स्वच्छता के लिए जनभागीदारी का आह्वान किया। संयोग देखिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसी वाल्मीकि बस्ती में अपने हाथों से झाड़ू लगाकर 'स्वच्छ भारत' अभियान की शुरूआत की थी, जहां पर बापू रहे थे और साफ-सफाई को लेकर बड़े-बच्चों को बताया करते थे। देखिए महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एंव विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया था। ये कोई भी मानेगा कि जिस स्वच्छता अभियान का 2014 में श्रीगणेश हुआ था, उसका बड़े पैमाने पर असर देखने को मिल रहा है। देखते ही देखते यह मिशन जनआंदोलन बन गया और अब इस मिशन के नौ साल पूरे होने जा रहे हैं, तो वास्तव में स्वच्छता की दृष्टि से तस्वीर काफी हद तक बदली हुई नजर आ रही है। फिर भले ही उसमें देश की राजधानी में हुए जी-20 सम्मलेन का अहम योगदान रहा हो या फिर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत किए गए ऐसे प्रयासों का, जो पहले कभी नहीं हुए। अब देश के विभिन्न शहरों के निकायों में अपने शहर को सबसे अधिक स्वच्छ रखने की एक स्वस्थ होड़ सी मची हुई है। भारत सरकार की तरफ से देश के सबसे साफ-शहरों की सूची भी जारी होने लगी है। सरकार के ताजा वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में मध्य प्रदेश के इंदौर शहर ने लगातार छठीं बार स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम कर लिया है। देश के टॉप 10 स्वच्छ शहरों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाल ही के एक कार्यक्रम में पुरस्कृत किया। इस सूची को केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी की देखरेख में उनका मंत्रालय हर वर्ष तैयार करता है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की प्रगति आंकने के लिए विभिन्न स्वच्छता और स्वच्छता मानकों के आधार पर शहरी स्थानीय निकायों को रैंक करने के लिए सर्वे देश भर के शहरों में किया जाता है। देश के दस सबसे साफ शहरों की सूची में देश की राजधानी नई दिल्ली और नवी मुंबई जैसे मेट्रो सिटी भी शामिल हैं। बड़े शहरों के अलावा, हरिद्वार को 1 लाख से अधिक आबादी की श्रेणी में सबसे स्वच्छ गंगा शहर घोषित किया गया। वहीं शिव की नगरी वाराणसी और ऋषिकेश को भी इसमें शामिल किया गया है। इसके अलावा महाराष्ट्र के देवलाली को देश का सबसे स्वच्छ छावनी बोर्ड का खिताब मिला है। अब उन शहरों की सूची को भी देख लेते हैं, जो देश के दस सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल किये गये हैं। इनमें इंदौर के बाद सूरत, नवी मुंबई, विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा, भोपाल, तिरुपति, मैसूर, नई दिल्ली, अंबिकापुर शामिल हैं। यह सही है कि गांधी जी के स्वच्छ भारत का सपना देश के समक्ष एक बेहद कठिन चुनौती था, पर जिस तरह से 2 अक्तूबर गांधी जयंती के दिन पूरा देश हर साल स्वच्छ भारत दिवस के लिए एक साथ खड़ा दिखता है। आज प्रधानमंत्री के जन्म दिवस 17 सितम्बर से महात्मा गाँधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक स्वच्छता के पखवाड़े चलाए जा रहे हैं कप्रधानमंत्री के जन्मदिन को स्वच्छता और सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# नेतृत्व का समर्पण आवश्यक

विजय गर्ग

**संगठन** आज के तेजी से विकसित हो रहे कारोबारी माहौल में निरंतर सीखने की संस्कृति विकसित करने के महत्व को देख रहे हैं। बाजार परिवर्तनों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने और छंटनी की आवश्यकता को कम करने के लिए, यह रणनीतिक दृष्टिकोण निरंतर शिक्षा और कौशल विकास को उच्च प्राथमिकता देता है। नेतृत्व समर्थन के लिए प्रतिबद्ध होकर, सीखने के अवसरों तक पहुंच प्रदान करके, सीखने के लिए समर्पित समय आवंटित करके, सहयोग को प्रोत्साहित करने और कर्मचारियों की उपलब्धियों को पहचानने से, व्यवसाय एक ऐसा वातावरण विकसित कर सकते हैं जो दीर्घकालिक संगठनात्मक लचीलेपन को प्रोत्साहित करता है। निरंतर सीखने की संस्कृति बनाने के लिए नेतृत्व का समर्पण आवश्यक है। जब नेता चल रही शिक्षा के महत्व पर जोर देते हैं और जोर देते हैं तो वे कंपनी के बाकी सदस्यों के लिए एक अच्छा उदाहरण स्थापित करते हैं। उनकी भागीदारी एक ऐसे माहौल को बढ़ावा देती है जहां सीखने को एक सामान्य लक्ष्य और पेशेवर और व्यक्तिगत विकास दोनों का एक अनिवार्य घटक माना जाता है। कर्मचारियों को अपना ज्ञान और कौशल बढ़ाने के लिए सीखने के अवसरों तक पहुंच होनी चाहिए। व्यवसायों को कार्यशालाओं, वेबिनार, सेमिनार और प्रशिक्षण सत्र जैसे विभिन्न प्रकार के टूल की पेशकश करनी चाहिए, जो कर्मचारियों की भूमिकाओं और व्यवसाय की बदलती मांगों के लिए उपयुक्त हों। जो नियोक्ता कर्मचारी वृद्धि का समर्थन करते हैं वे अपने लोगों को अनुकूलन के लिए आवश्यक उपकरण देते हैं। सीखने के अवसरों तक पहुंचः नियोक्ताओं को कर्मचारियों को आजीवन सीखने को बढ़ावा देने के लिए सीखने के कई अवसरों तक पहुंच प्रदान करनी चाहिए। इनमें प्रशिक्षण सत्र, सेमिनार, वेबिनार और कार्यशालाएं शामिल हो सकती हैं जो स्टाफ सदस्यों की भूमिकाओं और कंपनी की बदलती मांगों पर विचार करती हैं। व्यवसाय कर्मचारियों को कौशल हासिल करने का मौका देते हैं जो उन्हें मूल्यवान संपत्ति बनाते हैं और उनके विकास में निवेश करके छंटनी की संभावना को कम करते हैं।

## जरा संभल कर

डॉ. सुरेश कुमार

**पुरानों के** बीच नयों का वही स्थान होता है जो दाँतों के बीच जीभ का होता है। जीभ संभली तो ठीक है, वरना दाँतों की बत्तीसी कुचलने के अपने मौलिक दायित्व कब भूलती है। वैसे भी काटने वालों से प्रेंम की अपेक्षा चिलमिलाती गर्मी में बारिश की प्रतीक्षा करनी जैसी है। जिस तरह दाँतों की बत्तीसी में काटने, कुतरने और चबाने के दाँत अलग होते हैं, ठीक उसी तरह शहर में काटने, कुतरने और चबाने वाले किस्म के बाहुबलियों की भरमार है। नए कमिश्नर के बारे में सुनते ही ये सारे बाहुबली दाँत कमिश्नर रूपी जीभ को अपना गुण बताने लगे। मसलन काटने, कुतरने और चबाने की उनकी सिद्धहस्तता जनाब जीभ को कितना नुकसान पहुँचा सकती है। अनजान गली में घुस आने वाले कुत्ता और बाहुबलियों के बीच कमिश्नर दोनों की दशा एक सी थी। कुछ बाहुबलियों ने कमिश्नर के गले में फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही हिदायत दी कि यह फूल तब-तक स्वागत फूल हैं जब तक कमिश्नर का व्यवहार उनके अनुकूल रहेगा। उन्नीस-बीस होने पर यही फूल मैयत पर चढ़ाई जाने वाली माला बनकर उनके फोटो की शोभा बढायेगी। इतना कहते हुए बाहुबली वहाँ से चल दिए। यह सब देख वहाँ आए शहर के सभी सब इंस्पेक्टरों ने इशारों-इशारों में उन्हीं पानी की तरह बनने की सलाह दे डाली। कहा झ्र यह शहर एक गिलास है और आप पानी। जब तक तरल है, तब तक आपके लिए सब सरल है। ठोस बनने की कोशिश की तो तोड़ दिए जाओगे। वैसे छोटे बड़ों को उपदेश नहीं देते, लेकिन जब बात दुनियादारी की है, तो जिधर से मिले उधर से ले लेने में भलाई है। कमिश्नर को भी लगा कि ठोस बनकर कुटवाने से अच्छा तरल बनकर घुल-मिल जाने में भलाई है। कमिश्नर यही सब कुछ सोच रहा था कि उसकी नजर एक ऐसे सब-इंस्पेक्टर पर पड़ी जो बाकियों से जुदा था। कमिश्नर ने उसे पास बुलाकर पूछा झ्र तुम इन सबकी तरह कुछ सलाह नहीं देना चाहोगे? उसने झिझकते हुए कहा झ्र साहब! मेरी सोच इन सबसे अलग है। मैं कुछ कहूँगा तो आप बुरा मान जायेंगे। कौओं के बीच कोयल के चुप रहने में ही भलाई है। मैं चावल में कंकर नहीं बनना चाहता। कमिश्नर के बार-बार आग्रह करने पर उसने कहा - साहब! मैंने अब तक की मेरी ड्यूटी में हराम का एक रुपया नहीं खाया। अपना भोजन भी घर से लाता हूँ।

## न्यूज फ्लैश

### युवक 9वीं कक्षा की छात्रा को लेकर हुआ फरार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिले में** स्कूल टीचर को नानी मरने का बहाना बना युवक नाबालिग छात्रा को भगाकर ले गया। स्कूल टीचर ने कॉल करके परिजनों से कंफर्म किया तो खुलासा हुआ। छात्रा सुबह स्कूल पहुंची थी। उसके बॉयफ्रेंड ने स्कूल टीचर के पास कॉल करके बोला कि मैं युवती का भाई बात कर रहा हूं, मेरी नानी एक्सपायर हो गई है। यही नहीं जब टीचर ने छात्रा की मां से बात करने को कहा तो आरोपी ने एक महिला को मां बनाकर बात भी कराई। अब घरौंडा थाना पुलिस ने छात्रा के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ किडनैपिंग का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना घरौंडा के अंतर्गत आने वाले गांव बरसत निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 14 साल की बेटी सरकारी स्कूल में कक्षा 9वीं में पढ़ती है। शुक्रवार को सुबह 7.40 बजे स्कूल के लिए निकली थी। लगभग साढ़े 9 बजे स्कूल टीचर की उनकी पास कॉल आई कि आपकी बेटी स्कूल से चली गई है। टीचर ने छात्रा के परिजनों से पूछा कि छात्रा की नानी कैसे एक्सपायर हुई तो परिजन भी दंग रह गए। परिजनों ने बताया कि उनकी रिश्तेदारी में किसी की डेथ नहीं हुई। टीचर ने बताया कि उनके पास एक कॉल आई थी, जिसने बोला था कि मैं छात्रा का भाई बात कर रहा हूं। मेरी नानी की मौत हो गई। छुट्टी दे दीजिए। मैं, मेरी बहन और मेरी मां नानी के घर जाएंगे।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# सीएम मनोहर लाल ने वीसी के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ 11 एजेंडों पर की चर्चा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्यमंत्री मनोहर** लाल ने शनिवार को वीडियो कांफ्रैंसिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों से संबंधित 11 एजेंडों पर जिला उपायुक्तों के साथ समीक्षा की और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर प्रगति रिपोर्ट ली। इन एजेंडों में मुख्यतः जन संवाद कार्यक्रम, लोक निर्माण व मार्किट कमेटी की सडकों की मरम्मत व निर्माण, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत डाटा की वैरिफिकेशन, धान व बाजरा खरीद, रसायनिक खाद की उपलब्धता एवं वितरण, प्रोपर्टी कार्ड वितरण, डीआरओ व एसडीएम को रजिस्ट्री के लिए अधिकृत करना, मुख्यमंत्री की घोषणाएं, मेरी माटी - मेरा देश



तथा लिंगानुपात में समानता लाने को लेकर विस्तार से चर्चा की। वीसी में मुख्य सचिव संजीव कौशल सहित विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा करनाल के उपायुक्त अनीश यादव मौजूद रहे। वीसी में मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों से संबंधित उक्त सभी योजनाओं को लेकर जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार करके मुख्य सचिव व संबंधित अतिरिक्त मुख्य सचिव को भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि इन कार्यों को जल्द से जल्द शुरू करवाया जा सके। मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यालयों में 11 बजे से लेकर 1 बजे तक आम जनता की समस्याएं अवश्य सुनें और उनका समाधान करवाएं, इस कार्य में लापरवाही न बरतें। उन्होंने यह भी कहा कि धान का सीजन शुरू हो चुका है, ऐसे में पराली जलाने की घटनाओं पर कड़ी नजर रखी जाए। किसी भी सूरत में पराली न जलाने दें। बल्कि किसानों को पराली का समुचित प्रबंध करने के लिए जागरूक करें। पराली प्रबंधन के लिए सरकार द्वारा भी प्रति एकड़ किसान को एक हजार रुपये प्रोत्साहन के रूप में दिया जाता है।

**जन संवाद में प्राप्त शिकायतों का तुरंत प्रभाव से करें समाधान**

मुख्यमंत्री ने वीसी में जन संवाद कार्यक्रम को लेकर निर्देश दिए कि परिवार पहचान पत्र तथा पेंशन की शिकायतों का संबंधित विभाग तुरंत प्रभाव से निपटारा करना सुनिश्चित करें, बेवजह पेंडिंग न रखें। जब तक प्रार्थी की संतुष्टि न हो जाए, तब तक उसे निपटारा न माना जाए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामीण विकास के लिए रखी गई मांगों की फिजीबिलिटी तुरंत चैक करवाई जाए तथा इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाएं।

**सडकों की मरम्मत व निर्माण को लेकर वर्क अलॉट में न की जाए देरी**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लोक निर्माण विभाग द्वारा सडकों की मरम्मत व निर्माण कार्य को लेकर निर्देश दिए कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए विधायक को 25-25 करोड़ रुपये की राशि सडकों के निर्माण के लिए स्वीकृत की गई है। इन सडकों के टैंडर प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया और वर्क अलॉट करने में देरी न करें। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने बरसात के कारण टूटी सडकों की मरम्मत करने के भी निर्देश दिए। इसी प्रकार से उन्होंने मार्किट कमेटी की 4 करम की सडक को 5 करम किया जाए। इसके लिए जितनी जमीन की जरूरत है संबंधित किसान को उस जमीन का कलैक्टर रेट दिया जाए। उन्होंने बताया कि 661 सडकें जिला परिषद को आबंटित की गई हैं। इनमें से मरम्मत की जाने वाली तथा नई बनाई जाने वाली सडकों की रिपोर्ट मुख्यालय भिजवाना सुनिश्चित करें।

## एसबीएस स्कूल को नई ऊंचाइयों तक ले जाना प्राथमिकता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सरदार सरदार बलवंत सिंह टैक्नीकल एन्ड साइंटिफिक एजुकेशन सोसाइटी करनाल की कार्यकारिणी का चुंनाव सोसाइटी द्वारा संचालित एसबीएस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में किया गया। इस चुनाव में दीवान कुलदीप सिंह चोपड़ा को सर्वसम्मति से पुंनः प्रधान चंव्ह्नना गया। उनके साथ अचरण सिंह एडवोकेट को उपप्रधान, गुरविन्दर पाल सिंह एडवोकेट को सचिव व प्रबन्धक तथा सरदार रघुबीर सिंह चावला एडवोकेट को कोषाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर प्रिंसिपल हरजीत कौर चावला, डेरा कारसेवा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह, शेखपुरा खालसा सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रबंधन समिति के महासचिव गुरपाल सिंह डोनी एवं स्टाफ द्वारा दीवान कंव्ह्लदीप सिंह चोपड़ा को फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। नवनियुक्त प्रधान ने आश्वासन दिया कि स्कूल के समस्त कार्यों में सभी सदस्यों को साथ लेकर चलेंगें।

उन्होंने कहा कि स्कूल को वह नई ऊचांइयों तक लेकर जाएंगे। दीवान कुलदीप चोपड़ा के मार्गदर्शन में स्कूल दिनोंदिन प्रगति कर रहा है। दीवान शहर के जाने-माने समाजसेवियों में शामिल हैं।

## विपक्ष कहता रहा मोदी ने कर दिखाया: सुभाष चन्द्र


**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। स्वच्छ भारत** मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि अगर देश में एक मजबूत और समर्थ सरकार न होती तो महिला आरक्षण विधेयक कभी भी संसद में पास नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि इसलिए कांग्रेस सहित समूचा विपक्ष चाहता है कि देश में मजबूत और पूर्ण बहुमत की सरकार ना बने ताकि वे लोग अपने निहित स्वार्थ को पूरा कर सकें। घमंडिया गठबंधन देश में एक मजबूर सरकार चाहता है। सुभाष चंद्र ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं को उनका अधिकार देने का काम किया है, यह बहुत बड़ा बदलाव है या यह कहें कि मोदी है तो मुमकिन है। महिला आरक्षण को लेकर पहले भी



संकल्पना की गई, लेकिन सार्थक कोई नहीं कर पाए। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का काम किया है, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताने के लिए भाजपा की महिला कार्यकताओं में उत्सुकता है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल का लोकसभा में पास होना केवल एक राजनीतिक बदलाव ही नहीं, बल्कि एक सामाजिक बदलाव है। महिलाओं के लिए एतिहासिक बिल लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में लिए गए इस फैसले से भारत देश की आधी आबादी को उनका हक मिलना सुनिश्चित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश एक ऐतिहासिक पड़ाव की तरफ कदम बढ़ा चुका है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक कानून है जो महिला सशक्तिकरण को और बढ़ावा देगा और हमारी राजनीतिक प्रक्रिया में महिलाओं की और अधिक भागीदारी को सुनिश्चित करेगा, नारी शक्ति वंदन कानून लागू होने के बाद 33 प्रतिशत महिलाओं को भारत की संसद में प्रतिनिधित्व मिलेगा। आधी आबादी के लिए यह एक क्रांति है। शुरूआत तो कई बार हुई, मगर सिरे केवल प्रधानमंत्री मोदी ने ही चढना है, सुभाष चन्द्र ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की नीयत साफ है और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीतियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी देश को तरक्की की राह पर लेकर जा रहे हैं, आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत की यात्रा में नई मंजिलों को पाने के लिए मातृशक्ति को साथ लेकर चलना ही होगा।

## सेक्टर 13 करनाल में योग शिविर का किया गया शुभारंभ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत के अंतर्गत सेक्टर-13 में योग शिविर का शुभारंभ किया गया। कक्षाओं के विस्तार के अंतर्गत मिशन के संस्थापक योग गुरु दिनेश गुलाटी ने करनाल में पार्क नंबर दो, पार्क एनक्लेव सेक्टर 13 में वहां के निवासियों को योगाभ्यास करवाया। सेक्टर तेरह के निवासियों की मांग पर लगाए गए योग शिविर में योग गुरु दिनेश गुलाटी ने योग की विधि, अभ्यास और लाभ के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने



कहा कि इस मिशन का उद्देश्य भारत के हर व्यक्ति को स्वस्थ करना है, क्योंकि योग एक ऐसी शक्ति है, जिससे मनुष्य आंतरिक और बाह्य दोनों रूप से स्वस्थ रह सकता है। मिशन के शिक्षक नीलम बटला, निधि गुप्ता, एनएफ चौधरी के साथ सदस्य अनुज जैन, रिंकी जैन, और नरेंद्र चौधरी ने भी कई तरह के योग करवाए।

## किसान प्राकृतिक खेती को दें बढ़ावा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायंव्द्धक्त अनीश** यादव ने कहा कि किसान प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें और रासायनिक खादों का फसलों में कम से कम उपयोग करें। उपायंव्द्धक्त ने जिले के किसानों का आह्वान करते हंव्द्धए कहा कि हरियाणा सरकार के प्रयासों से प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसान इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को खेती के लिए एक स्वच्छ व स्वस्थ उपजाऊ भूमि दे सकें। अनीश यादव ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों के हित के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। सरकार द्वारा खेती में जोखिमों को कम करने व खेती को बेहतर बनाने के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## महिला सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए महिला टीम को फील्ड में किया गया तैनात



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पुलिस अधीक्षक** शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में जिला पुलिस बेहतरीन कार्य कर रही है। जिला पुलिस शुरूआत से ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने व महिला सुरक्षा को दिन-प्रतिदिन पुख्ता करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सचिन कुमार ने बताया कि करनाल पुलिस अपनी इसी प्रतिबद्धता को निभाते हुए महिलाओं व लड़कियों की सुरक्षा को और ज्यादा पुख्ता करने, शरारती तत्वों पर अंकुश लगा उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करने और महिलाओं व लड़कियों का सम्मान करने के लिए प्रेरित करने के लिए दुर्गा शक्ति रैपिड एक्शन फोर्स की महिला पुलिस कर्मचारियों को फील्ड में तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि दुर्गा शक्ति की इन टीमों द्वारा दिन में अलग-अलग शिफ्टों में शहर के स्कूल, कॉलेजों, अन्य शैक्षणिक संस्थानों, भीड़भाड वाले एरिया और महिलाओं के आवागमन वाले क्षेत्रों में नाकों पर तैनात किया गया है। नाकाबंदी के दौरान शरारती तत्वों व संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर रखी जा रही है और उन पर अंकुश लगाया जा रहा है। वंही इस दौरान स्कूल-कॉलेज की छात्राओं से दुर्गा शक्ति की टीम वातार्लाप करती हैं और उनकी सुरक्षा से संबंधित समस्याओं को जानकार उनका समाधान करती है।

वहीं जिला पुलिस के इस कदम से बाजार में अपने कार्य के लिए आने वाली महिलाओं, स्कूल-कॉलेज की छात्राओं व अन्य लोगों में सुरक्षा का भावना पैदा हुई है और करनाल पुलिस की सराहना की है।

## पंकज गर्ग एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। एंटी करप्शन फाउंडेशन** ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो एवं फाउंडर नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल के विख्यात समाजसेवी पंकज गर्ग को राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त किया। नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने पंकज गर्ग को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। पंकज गर्ग ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे।




नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से सम्बंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि शामिल हैं।

## चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। डिटेक्टिव स्टाफ** की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर राकेश उर्फ राका पुत्र भेरा और राजेश पुत्र सतनाम वासियान रादौर जिला यमुनानगर को भादसो मोड लाडवा इंद्री रोड से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक टुल्लू पंप, गैस सिलेंडर और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपियों ने 7 सितंबर को शिकायतकर्ता सोमपाल वासी गढ़ी बीरबल के घर से ताला तोडकर सबमर्सिबल मोटर, टुल्लू पंप, सिल्वर व पीतल के बर्तन, गैस सिलेंडर आदी सामान की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना इंद्री में भादंसं की धारा 380, 457 के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी जल्दी अमीर बनने व नशापूर्ति के लिए चोरी करते हैं। आरापियों द्वारा थाना इंद्री के क्षेत्र में चोरी की करीब दस वारदातों को स्वीकार किया है। दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । दोनों आरोपियों को चोरी के अन्य मामलों में भी प्रोडक्शन वारंट पर लेकर बरामदगी की जाएगी।

## बच्चों के बीच करवाई गई पेंटिंग प्रतियोगिता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा उदय** प्रोग्राम में शामिल पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के तहत कर्ण स्टेडियम में जिला स्तर के स्कूल के बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता करवाकर नशे से दूर रहने का पाठ पढ़ाया गया। यह सामुदायिक आउटरीच प्रोग्राम सामुदायिक जुड़ाव को मजबूत करने और प्रशासन व आमजन के बीच बेहतर संबंध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए हैं। इन आउटरीच प्रोग्रामों के तहत जिला करनाल सहित प्रदेशभर में समय-समय पर विभिन्न प्रोग्राम जैसे नशे के खिलाफ अभियान, साइकिल रैली व विभिन्न प्रकार के खेल आदि आयोजित करवाए जाएंगे। इसी आउटरीच प्रोग्राम में शामिल पुलिस की पाठशाला के तहत उपरोक्त



कार्यक्रम किया गया। करीब दो घंटे चले इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत हुए डीएसपी ट्रैफिक नायाब सिंह ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया और नशे से दूर रहने और जीवन में कभी भी नशा ना करने का संदेश दिया और नशे से होने वाली हानि के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान नायाब सिंह ने बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि हमें हमारे आस पड़ोस में नशा बेचने वालों व नशा करने वालों के प्रति बेखबर नहीं होना चाहिए। अगर आज यह काम हमारे आस.पड़ोस में हो रहा है तो यह कल हमारे घर तक भी अवश्य पहुंचेगा। उन्हें बताया कि नशे के कारण किस तरह से हमारी युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। हमारे आस-पड़ोस में नशा देश-प्रदेश के अलावा विदेशों से भी आ रहा है, जो कि हमारे देश के खिलाफ यह एक गंभीर साजिश भी हो सकती है। इसलिए हमें नशे के खिलाफ खुद भी जागरूक होना है और अपने आस-पड़ोस व जानकारों को भी जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि हमें नशे से घृणा करनी है और नसेडियों को उपचार के लिए नशा मुक्ति केंद्रों में भर्ती करवाना है। कई बार व्यक्ति मानसिक तौर पर परेशान रहने के दौरान परिवार में अच्छी तरह देखभाल नहीं होने के कारण, ज्यादातर अकेले रहने के कारण, बुरी संगति के कारण अज्ञानता के कारण, दोस्ती के वास्ते व नशा आसानी से मिल जाने के कारण नशा करना शुरू कर देता है।

न्यूज फ्लैश

## वर्ष 2040 तक मथुरा वृंदावन को होगी 195 एमएलडी पानी की जरूरत

**-वर्तमान में मात्र 25 एमएलडी गंगाजल हो रहा है प्राप्त**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

नगर निगम मथुरा वृन्दावन क्षेत्र के लिए पेयजल मांग के सम्बन्ध में महापौर नगर निगम मथुरा वृन्दावन, जिलाधिकारी मथुरा तथा नगर आयुक्त, नगर निगम मथुरा वृन्दावन मथुरा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) मथुरा, निचली मांट शाखा, गंग नहर मथुरा, अपर खण्ड आगरा नहर एवं सहायक अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) मथुरा मौजूद रहे। नगर निगम मथुरा वृन्दावन मथुरा क्षेत्र की अद्यतन पेयजल मांग 138 एमएलडी है, जिसके सापेक्ष गंगाजल परियोजना के अन्तर्गत मथुरा नगर के लिए मात्र 25 एमएलडी गंगाजल प्राप्त हो रहा है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम मथुरा वृन्दावन की वर्ष 2040 के लिए पेयजल मांग लगभग 195 एमएलडी है, वर्तमान में 25 एमएलडी गंगाजल प्राप्त होने की दशा में 170 एमएलडी पेयजल की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) मथुरा द्वारा मथुरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में गंगाजल वितरण के लिए मांट ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम बेरा में 214 एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण प्रस्तावित है। सन्दर्भित वाटर ट्रीटमेंट प्लान्ट पर बुलन्दषहर स्थित पालड़ा झाल से गंगाजल लाया जाएगा, जिसके लिए पालड़ा पर 270 एमएलडी क्षमता के इंटेक वर्क किये जाएंगे। बैठक में मथुरा के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए स्वीकृत गंगाजल योजना की भांति नगर निगम मथुरा वृन्दावन, मथुरा की पेयजल मांग के लिए गंगाजल आधारित योजना पर सहमति बनी तथा नगर निगम क्षेत्र हेतु आवष्यक मात्रा के गंगाजल आवंटन हेतु उत्तर प्रदेष षासन से अनुरोध किया जायेगा।

## राजनीति शुरू, किसान संगठनों को मिला रालोद का साथ

**-27 सितंबर को राजीव भवन पर प्रदर्शन का किसान संगठनों ने किया है ऐलान**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

किसान संगठनों को अब राष्ट्रीय लोकदल का साथ मिला है। सीडीओ के साथ हुए किसान संगठनों के विवाद में राजनीति शुरू हो गई है। इससे पहले सपा और समता फाउंडेशन भी किसान संगठनों के पक्ष में ज्ञापन सौंप चुके हैं। राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर ने बताया कि किसान दिवस के अवसर जनपद के किसान अपनी समस्याओं को लेकर मथुरा वेटनरी कॉलेज में हर महीने की भांति पहुंचे और काफी समय इंतजार करने के बाद भी किसी भी उच्च अधिकारी के नहीं पहुंचने पर नाराज किसानों ने अपना विरोध जताया था। विरोध जताने की खबर सुनकर वहां पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों के साथ अभद्रता करते हुए किसानों को क्रिमनल और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त बताते हुए किसानों का अपमान किया था। जिससे इस कृत्य को लेकर किसानों की भावनाएं आहत हुई हैं और किसान नाराज हैं। मुख्य विकास अधिकारी जब से मथुरा में तैनात हुए हैं तब से किसी भी किसान दिवस में समय से नहीं पहुंचे हैं तथा इनकी मानसिकता किसानों के प्रति सही नहीं है। जनपद के किसान इनके व्यवहार से तंग आ चुके हैं और किसान चाहते हैं कि इन्हें तत्काल प्रभाव से हटाकर उनके ऊपर उच्चस्तरीय कार्यवाही की जाए। ऐसे अधिकारी सरकार की छवि खराब कर रहे हैं अगर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किसानों से इस कृत्य के लिए खेद व्यक्त नहीं किया गया। राष्ट्रीय लोकदल मथुरा इस घटना में सभी किसानों व किसान संघटनों के साथ खड़ा है। अगर कोई कार्यवाही नहीं होती है तो राष्ट्रीय लोकदल आंदोलन करने को मजबूर होगा।

## हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शुक्रवार की रात हाईवे पर फरह के निकट ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बाइक सवार ओल से लौट रहे थे। फरह के निकट एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार नबाव पुत्र नारायण सिंह निवासी गोपाल गढी थाना जैंत की मौके पर ही मौत हो गई। संजू एवं संदीप घटना में घायल हुए हैं। दोनों घायलों को मथुरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# राधाष्टमी पर बरसाना में दो श्रद्धालुओं की मौत

खंडन

8 -डीएम, एसएसपी ने भीड़ के दबाव में मौत का किया खंडन, -राधाष्टमी पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

राधाष्टमी पर बरसाना में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मृतकों में एक 60 वर्षीय महिला और 70 वर्षीय पुरुष हैं। दोनों परिजनों के साथ राधाष्टमी पर दर्शन करने आये थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त किया है। जिला प्रशासन के आलाधिकारियों ने भीड़ के दबाव में मौत होने से इनकार किया है। 60 वर्षीय महिला श्रद्धालु प्रयागराज से अपने परिवार के साथ दर्षन करने आईं थीं। एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि शनिवार



तड़के पुलिस को दो श्रद्धालुओं की बरसाना में मौत होने की जानकारी मिली। बरसाना थाना इंस्पेक्टर को मौके पर भेजा गया। पुलिस को सुदामा चौक से कटरा चौक जाने वाले मार्ग पर एक बुजुर्ग का शव मिला। आसपास भीड़ लगी हुई थी। मृतक की उम्र करीब 70 वर्ष है।

पुलिस ने भीड़ से पूछताछ कर शिनाख्त का प्रयास किया, मगर अभी तक उनकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा है। प्रभारी सीएचसी बरसाना मनोज वशिष्ठ मेले से संबंधित घटना नहीं कह सकते, सुदामा चौक में बैठकर एक बाबा चाय पी रहे थे।

**सुबह** चार बजे से ही दर्शन करने वालों का तांता लगा रहा। पुलिस प्रशासन पुरी चुस्ती से व्यवस्था में लगा हुआ है। मैं और एसएसपी कल शाम से ही यहां लगातार डेरा डाले हुए हैं। पूरी व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही हैं। सोशल मीडिया पर इस तरह की बातें चल रही हैं कि दो लोग की मौत हुई है। मेला परिसर से इसका कोई ताल्लुक नहीं है। एक महिला जिसकी मौत हुई है उनकी उम्र लगभग 60 साल है, वह अपने परिजनों के साथ यहां आई हुई थीं। उनका शुगर लेवल 500 से अधिक था। वृत के चलते कल रात से उन्होंने कुछ खाया पीया नहीं था। जिसके कारण ब्लड शुगर बढ़ने से उनकी मृत्यु हुई है। एक बुजुर्ग व्यक्ति थे जिनकी उम्र 70 साल है। वह दरवाजे के चबूतरे पर बैठे हुए थे उनकी अचानक मृत्यु हुई है, कदाचित हार्ट अटैक से हुई होगी ऐसा अनुमान लगाया जा सकता है और मेला परिसर और मेला क्षेत्र से इन घटनाओं का कोई संबंध नहीं है।

**-शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी मथुरा**

**सोशल** मीडिया पर दो मृत्यु की खबरें चल रही हैं सबसे पहले तो इस बात का खंडन किया जाता है कि मंदिर परिसर या मंदिर के आसपास इस तरह की भगदड़ में कोई घटना नहीं हुई है। दो वृद्ध व्यक्ति थे एक महिला जिसकी उम्र लगभग 60 साल थी। उनका शुगर लेवल काफी अधिक था और परिजनों के साथ वह आईं थी और शुगर लेवल 500 से ऊपर बढ़ गया था। जिसके चलते उनकी तबीयत बिगडी। रात में भी उन्होंने खाना नहीं खाया था, अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दूसरे व्यक्ति 75 से ज्यादा उम्र के थे वह जो मंदिर परिसर या दर्शन क्षेत्र है उससे बाहर एक चबूतरे पर बैठे हुए थे बैठे बैठे उनकी तबियत बिगडी उन्हें भी तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां पर उनकी मृत्यु बताई गई। मंदिर परिसर मेला क्षेत्र में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है।

**-शैलेश कुमार पांडेय, एसएसपी मथुरा**

वह अचानक गिर पडे और उनकी वहीं मृत्यु हो गई इसकी मुख्य वजह कार्डिक अटैक था। एक ब्रॉड डैड महिला और लाई गई थीं जो राजमणी जो कि इलाहाबाद की थीं। परिजनों ने बताया कि वह शुगर की मरीज थीं। उनका शुगर बढा रहता था। कल से उन्होंने कुछ खाया नहीं था आज सुबह बिना खाए पिये दवा ले ली थी, उसके बाद वह एक दम से कोलेप्स कर गईं, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई।

## सत्यधर्म को वचनों तक सीमित न रखे साधक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कोसीकलां में दशलक्षण महापर्व के पांचवें दिन शनिवार को जैन मंदिरों में सुबह से ही कार्यक्रम आयोजित शुरू हो गया। शनिवार को जैन श्रद्धालुओं ने संयम धर्म का पालन किया। नमोकार मंत्रों के जयघोषों से मंदिर परिसर गूंज उठे। श्रीचंद्र प्रभुजैन पांडे वाले मंदिर में प्रवचन करते हुए जैन विद्वान आयुष जैन ने कहा कि संस्कृत के शास्त्र पढ़ने सुनने में भले ही समझ न आएं फिर भी बैठे रहने से उतनी देर आप बुरे कार्यों से तो बचे ही रहते हैं। सत्य धर्म को हम मात्र वचनों तक सीमित करके न देखें। खेड़े वाले जैन मंदिर, आने वाले वाला मंदिर, सपेरे वाला मंदिर, आदि जिनालयों में पूजा की गई। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने मस्तिष्क पर अभिषेक लगाकर स्वयं को धन्य माना ।



बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। वहीं सामूहिक आरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष सुभाष जैन, कैलाश चंदोरिया, ऋषभ जैन, अरुण जैन, विजय जैन, नवीन जैन, राहुल जैन, प्रवीन जैन, दीपक जैन, राजेश जैन, प्रेम जैन, विनोद जैन, सतीश जैन आदि मौजूद रहे।

## रामलीला कलाकारों की तालीम कल से

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

श्री रामलीला मंचन पूर्व से चित्रकूट पर पूर्वाभ्यास प्रारम्भ श्री रामलीला सभा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले 21 दिवसीय रामलीला महोत्सव से पूर्व स्वरूपों व पात्रों का अभ्यास (तालीम) स्वामी अनिल षर्मा के निर्देषन में 24 सितम्बर को सायं सात बजे से चित्रकूट मसानी पर षुरू होगा। सभा के गोपेष्वर नाथ चतुर्वेदी, रविकान्त गर्ग, महावीर मित्तल, कन्हैया लाल बजाज, दीनानाथ चौधरी, सभापति जयन्ती लाल अग्रवाल, उपसभापति जुगलकिषोर अग्रवाल, नन्दकिषोर अग्रवाल, प्रधानमंत्री मूलचन्द गर्ग, उपप्रधानमंत्री प्रदीप सर्राफ, विजय अग्रवाल किरोड़ी, लीला मंत्री नागेन्द्र मोहन मित्तल, श्रृंगार मंत्री बॉकेलाल, जुलूस मंत्री विनोद सर्राफ, पं. अमित भारद्वाज, कार्यालय मंत्री संजय, अनूप, योगेष आवा, सुरेन्द्र खौना, मदन मोहन श्रीवास्तव आदि ने सभी राम भक्तों से निवेदन किया कि श्रीराम जी की होने वाली लीलाओं का आनन्द लें।

## नि :शुल्क स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राया पर आयुष्मान भव के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला में के एम हॉस्पिटल से आये चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की प्राथमिक जांच की।

पीएचसी राया पर दो दिवसीय स्वास्थ्य मेला के पहले दिन करीब 160 मरीजों का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनई प्रभारी डॉ. अनुज चौधरी ने बताया कि आज के एम हॉस्पिटल से आयी टीम ने स्त्री रोग, शुगर, हड्डी रोग, ब्लड प्रेशर आदि से संबंधित मरीजों



का प्राथमिक परीक्षण किया एवं मरीजों को आवश्यक जानकारियां भी दी गयीं। इस दौरान डॉ. अनुज चौधरी, डॉ. सरोज, क्षय रोग पर्यवेक्षक श्याम सुंदर वर्मा, सत्यप्रकाश चौधरी, नेहा, मोहित अग्रवाल, हरीमोहन सोलंकी व अन्य मौजूद रहे।

**चित्र परिचय-** स्वास्थ्य मेला में पहुंचे लोग।

# पीडित उपभोक्ताओं की अनसुनी कर रहा विद्युत विभाग

अभियान

8 आपके द्वारा अभियान के तहत प्राइवेट मीटर रीडर के साथ विद्युत कर्मचारी भी हर उपभोक्ता तक पहुंच रहा है।


**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

विद्युत विभाग इस समय लगातार उपभोक्ताओं के दर पर दस्तक दे रहा है। आपके द्वारा अभियान के तहत प्राइवेट मीटर रीडर के साथ विद्युत विभाग का कर्मचारी भी हर उपभोक्ता तक पहुंच रहा है। साथ ही प्रवर्तन दल और विद्युत विभाग की टीमें भी लगातार बिजली चोरी करने वाले और बकाया जमा



नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर कार्यवाही कर रही हैं। वहीं लखउन से भी अधिकारियों और इंजीनियरों की टीम भी मथुरा आई हुई है। इस पूरी कवायद में पीड़ित उपभोक्ताओं की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। प्रतिदिन बडी संख्या में उपभोक्ता विद्युत विभाग के कार्यालयों में अपने साथ हो रहे अन्याय की बात लेकर पहुंच रहे हैं। किसी का बिल कई गुना आ रहा है तो किसी का मीटर एक दम से ट्रिप कर भार लोड कई गुना अधिक दिखाने लगा है। कहीं मीटर रीडर की करतूत से उपभोक्ता परेशान हैं। विद्युत विभाग की इस पूरी कवायद में उपभोक्ताओं की अनसुनी लोगों पर भारी पड रही है। इस तरह की शिकायतें भी लगातार जनप्रतिनिधियों तक लेकर उपभोक्ता पहुंच रहे हैं कि विद्युत विभाग के कार्यालयों में उनके साथ अभद्र व्यवहार हो रहा है। उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा, अधिकारी ऐसा व्यवहार कर रहे हैं कि कार्यालय तक जाने की हिम्मत नहीं हो रही है। जनप्रतिनिधियों के पास मदद की गुहार लेकर पहुंच रहे पीड़ितों में विद्युत विभाग से पीड़ित लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है। वहीं विद्युत विभाग दूसरी तरफ लगातार कार्यवाही को अंजाम दे रहा है। छाता कस्बे में विद्युत विभाग कस्बा के राहमनपाडा, राधारानी गली, सूरदार मोहल्ला में बिजली विभाग की टीम बकायेदारों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिक बकाया बिल पाए जाने पर उनका कनेक्शन काट दिया गया। जीई केशव चौधरी ने बताया कि आज की चेकिंग के दौरान 30 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गये है। जिन कनेक्शनों पर लगभग 14 लाख रुपए का बकाया चल रहा है। श्री चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार कस्बे के मोहल्ला में जाकर बकायेदारों के कनेक्शन विद्युत विभाग की टीम द्वारा काटे जा रहे है। अब तक कस्बे में लगभग 135 कनेक्शन काटे जा चुके है।

## प्रत्येक बूंद जीवन के लिए कीमती है : डॉ. अखिलेश



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

श्री गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज महावन मथुरा में भूगर्भ जल संरक्षण विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा उप प्रधानाचार्य शिव कुमार निगम स्काउट मास्टर विनोद कुमार शुक्ला के किया गया। डॉ. अखिलेश यादव ने अपने व्याख्यान में बड़े ही रोचक शैली में बताया कि जल नहीं बचाओगे तो प्यास कैसे बुझाओगे भूगर्भ जल को हम किस किस तरीके से कैसे संरक्षित कर सकते हैं। भूगर्भ जल जल संरक्षण के अनेक तरीके एवं महत्व पर जानकारी दिये। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक विश्वजय सिंह ने अपने उद्बोधन मे बताया कि भूगर्भ जल संरक्षण की माध्यम से ही आगामी समय में हम एक बड़े जल संकट से बच सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि जल की प्रत्येक बूंद हमारे लिए कीमती है इसे बचाने का प्रयास किया जाना चाहिए ,जल संरक्षण जरूरत भी है और कर्तव्य भी है। इस अवसर छात्र छात्राओं में कार्यक्रम को लेकर एक कौतूहल एवं उल्लास बना रहा तथा छात्र छात्राओं को भूगर्भ जल विषय पर स्लोगन पोस्टर के माध्यम से जागरूक कराया गया साथ ही जल जंगल जमीन संरक्षण के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी कराया गया।

## महिलाओं को गुमराह कर ठगने वाला पकडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना फरह पुलिस ने घर में घुसकर महिलाओं को गुमराह कर धोखाधडी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को माल तथा अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार किया है।

चौकी प्रभारी रैपुरा जाट मनोज कुमार शर्मा के मुताबिक राजेश उर्फ पप्पी पुत्र मोहर सिहं निवासी ग्राम सूमपुरा थाना फरह को शनिवार को ग्राम पीगरी को जाने वाले रास्ते पर बने अंडरपास से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 24700 रुपए, दो मंगलसूत्र (पीली धातू), एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक मोबाइल तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। अभियुक्त के खिलाफ थाना फरह और थाना बलदेव, वृंदावन, रिफाइनरी, सिकंदरा पर आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

## धूमधाम से मनाया गया स्वामी हरिदास जी का आविर्भाव महोत्सव

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

वृंदावन के परिक्रमा मार्ग के गोपाल खार क्षेत्र स्थित राधा प्रसाद धाम में पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव जू महाराज की अध्यक्षता में चल रहे रसिक शिरोमणि स्वामी हरिदास जी महाराज के आविर्भाव महोत्सव के समापन दिवस पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों के मध्य आविर्भाव महोत्सव का समापन हुआ। सर्वप्रथम आश्रम परिसर में आचार्य महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू महाराज के द्वारा स्वामी हरिदास जी के जन्मोत्सव के बधाई के पदों का



गायन किया गया। वही साथ ही स्वामी हरिदास जी महाराज का पंचगव्य पदार्थों से भव्य महा अभिषेक किया गया। आविर्भाव महोत्सव के अंतर्गत वृंदावन के संत महंतो की विद्वत संगोष्ठी व ग्रंथ विमोचन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें पूज्य गुरुदेव द्वारा लिखित बच्चू का सिद्धांत नामक ग्रंथ का विमोचन किया गया। इस मौके पर बोलते हुए प्रसिद्ध भागवत आचार्य अनिरुद्ध आचार्य ने बताया कि धर्मनगरी वृंदावन संतों की नगरी है और ऐसी नगरी में बृजवासी संत पूज्य गुरुदेव आचार्य महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू महाराज सभी के पूजनीय हैं। इनके द्वारा अब तक 70 ग्रंथों की रचना की गई है। रसिक शिरोमणि स्वामी हरिदास जी महाराज एवं राधा रानी का जन्मोत्सव है। आज के ऐसे पावन पर्व पर आज इस दास को स्वामी हरिदास जी महाराज का अभिषेक करने का मौका प्राप्त हुआ है। यह मेरे लिए बड़ा ही पुण्य फल है और साथ ही स्वामी हरिदास जी महाराज के प्रिय पूज्य महाराज श्री के चरणों की धूल प्राप्त हुई यह भी मेरे लिए बड़ा ही सौभाग्य का विषय है।

# राधाष्टमी : भक्तों को दर्शन देने सफेद छती में विराजमान हुई राधा रानी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

श्री राधा अष्टमी पर राधा जन्मोत्सव के बाद शाम साढे पांच बजे श्रीराधारानी सफेद छतरी में भक्तों को दर्शन देने के लिए विराजमान हुईं। लाडली के दर्शनों की लालसा को लिए लाखों भक्तगण टकटकी लगाये क्रमबद्ध खड़े थे। शाम चार बजे से ही श्रीराधारानी का डोला सजने लग और नीचे डोला को लाते समय सेवायत गोस्वामी गण डोला को उठाकर चलते हैं। सफेद छतरी में विराजमान होकर दर्शनों को आए लाखों श्रद्धालुओं को श्रीराधारानी ने दर्शन दिये। लाडली की कृपा पाने के लिए श्रद्धालु लालायित नजर आ रहे थे। शाम करीब साढ़े पांच बजे वृषभानु नंदिनी के डोला



चित्र परिचय- बरसाना में लाडली जी मंदिर के उपर पुष्पों की वर्षा करते हॉलीकाप्टर।

को गोस्वामी समाज कंधों पर उठाकर नीचे बनी सफेद छतरी में लेकर आये। नजदीक से राधारानी के दर्शन करके श्रद्धालु अपने आप पर कृपा मान रहे थे। ग्वालियर स्टेट के राजा द्वारा छतरी का निर्माण कराया गया था। साल में तीन बार बृषभानु नंदनी राधाष्टमी, हरियाली तीज व धुल्लैड़ी के दिन अपने भक्तों को छतरी से दर्शन देने के लिए सफेद छतरी में आती हैं। इसके बाद राधा रानी को डोला में विराजमान करके वापस गर्भगृह में विराजमान किया गया। बरसाना में श्रीराधाष्टमी के जन्माभिषेक के बाद श्रीराधारानी के मन्दिर पर बरसाना वासियों सहित बहार से आये सभी श्र्द्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से दो भक्तों द्वारा अलग अलग प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पुष्प वर्षा की गयी। जन्माभिषेक पर व बाद में भक्तजनों द्वारा दर्शन, परिक्रमा करने के समय बरसाना के पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ समाजसेवी बलराज चौधरी द्वारा हेलीकॉप्टर में बैठ कुन्तलों पुष्पों से श्रीराधारानी और उनके भक्तों का आकाश मार्ग से बरसा कर स्वागत व अभिनन्दन करते है। कई वर्षों से लगातार श्रीराधारानी व उनके भक्तों की पुष्प वर्षा कर सेवा करते आ रहे है। वही विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन के अध्यक्ष शिव हरिदास महाराज भी श्रीराम जन्मोत्सव पर कई वर्षों से श्रीराधारानी मंदिर पर व उनके भक्तों पर अलग से हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा सेवा करते हैं। इस वर्ष भी शिव हरिदास महाराज ने श्रीराधारानी व उनके भक्तों पर आकाशीय मार्ग से पुष्प वर्षा कर सेवा की।

# श्रद्धालुओं को लुभा रहे कमल कुंड में खिल रहे कमल पुष्प

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

गोवर्धन के गांव अड़ींग स्थित कमल कुंड से यमुना मिशन संस्था व्दारा काली व चिकनी मिट्टी के दलदल को हटाने के बाद स्वत पानी के स्त्रोत निकलने से कमल पुष्प खिलने लगे हैं। कुंड पर खिलते कमल पुष्प पर्यटकों खूब लुभा रहे हैं ।यमुना मिशन संस्थापक प्रदीप बंसल व्दारा मिशन अड़ींग के प्राचीन कमल कुंड के अंदर से गंन्दा पानी कीचड़ निकलवाया के साथ कुंड के चारों तरफ सैकड़ो पौधे रोपे व झूले लगवाये गए ।मान्यता हैं की कमल से स्वयं लक्ष्मी और विष्णु भगवान निवास करते हैं ।प्राचीन समय मे संत हरिदास ने तपस्या की तो स्वयं ही कुंड में कमल के फूल उत्पन्न हो गए थे ।आस्था व



विश्वास को लेकर यंहा श्रद्धालु ब्रज चौरासी कोस की यात्रा में दर्शन करने आते हैं ।ग्राम प्रधान स्नेहलता व दिलीप कुमार ने बताया कि अड़ींग में प्राचीन तीर्थ स्थल कमल कुंड है, हजारों की संख्या में दर्शनार्थी आते थे ।संत हरिदास ने कुंड में दिव्य कमल पुष्प की उत्पति की थी। इसी के चलते 150 वर्ष तक पुष्प खिलते रहे, लेकिन 2020 में कमल कुंड में बहारी गंदा पानी आने के कारण दिव्य पुष्प लुप्त हो गये ।ग्रामीणों ने यमुना मिशन संस्थापक प्रदीप बंसल को समस्या से अवगत कराते हुए कमल कुंड की साफ सफाई कीचड़ निकलवाने व कुंड के चारों तरफ पौधे रोपने के साथ झूला लगवाने की मांग की संस्थापक प्रदीप बंसल ने ग्रामीणों की समस्या का संज्ञान लेते हुए कमल कुंड की साफ सफाई कराई कीचड़ निकलवाया ।कुंड के चारों तरफ सैकड़ों पौधे रोपे और झूले लगवाये ।इसके बाद कमल कुंड से निकले स्रोतों से कमल पुष्प की की कली खिलने लगी ।अब सैंकड़ो की संख्या में कमल पुष्प खिल रहे हैं ।जो यहाँ आने वाले तीर्थ यात्रियों को खूब लुभा रहे हैं।

# शहीद सम्मान रैली की आड़ में उड़ी नियमों की धज्जियां

## घरेलू गैस सिलेंडर का खुलकर किया गया प्रयोग, जबकि व्यवसायिक सिलेंडरों का किया जाना उपयोग

**नियमों को ठेंगा**

**8 जब हलवाइयों से पूछा गया कि आपने कमर्शियल सिलेंडरों का प्रयोग क्यों नहीं किया तो उनका जवाब था कि यह काम आयोजकों का है**





**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
नारनौल
स्थानीय आई टी आई मैदान में शनिवार को शहीद सम्मान रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता तोशाम से कांग्रेसी विधायक किरण चौधरी रही । वहीं आयोजक के रूप में पूर्व जिला प्रमुख भाई रामसिंह का नाम लिया जा रहा है। आयोजकों ने रैली में आने वाले लोगों के लिए खाने की व्यवस्था भी की गई थी। इस काम के लिए सभा स्थल के निकट ही भंडारण की व्यवस्था की गई थी। मीडिया ने जब हलवाई के काम करने की जगह का जायजा लिया गया तो वहां का नजारा देख पैरों तले की जमीन खिसक गई। वहां देखा कि हलवाई तबका खाना बनाने के लिए घरेलू गैस सिलेंडर का खुलकर प्रयोग कर रहे थे। जब हलवाइयों से पूछा गया कि आपने कमर्शियल सिलेंडरों का प्रयोग क्यों नहीं किया तो उनका जवाब था कि यह काम आयोजकों का है , हमें जी सिलेंडर मुहैया करवाए गए हैं, हमने वही उपयोग किए हैं। आयोजकों से इस संदर्भ में बात की गई तो उन्होंने कहा कि क्या फर्क पड़ता है सार्वजनिक काम किया जा रहा है। इस प्रकार सरकार के तय शुदा नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ती रही ओर लोग चटकारे लेकर स्वादिष्ट भोजन का लुफ़्त उठाने में व्यस्त नजर आए। मालूम हो कि इस आयोजन में लगभग सौ घरेलू गैस सिलेंडर का इंतजाम किया गया था। अब प्रश्न यह है कि इतनी अधिक संख्या में आखिर आयोजकों से गैस सिलेंडर कैसे उपलब्ध हुए और खाली गैस सिलेंडर का इंतजाम कहां से किया गया । लोगों का कहना है कि यदि मामले की गंभीरता से निष्पक्ष जांच की जाए तो गैस एजेंसी वाले और आयोजकों की कथित कालाबाजारी का भंडा फोड़ हो सकता है। इस संदर्भ में जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी कौशल बोहरा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनके संज्ञान में यह मामला अभी आया है।

**न्यूज फ्लैश**

## पानीपत से श्री खाटूश्याम व वृंदावन के लिए शुरू हुई बस सेवा



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन हरियाणा** रोडवेज ने पानीपत से श्री खाटूश्याम व वृंदावन के लिए सीधी बस सेवा की शुरूआत की है। शहरी विधायक प्रमोद विज व मेयर अवनीत कौर ने आज शनिवार सुबह पहली बस को पूजा अर्चना के बाद झंडी दिखाकर रवाना किया। रोड़वेज विभाग की ओर से दोनों बसों को फूल मालाओं से सजाया गया था। विधायक व मेयर ने इस बस का तिलक लगाकर पूजन भी किया। इस अवसर पर शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि काफी लम्बे समय से जिला के श्रद्धालुओं की यह मांग थी कि पानीपत से श्री खाटूश्याम व वृंदावन के लिए सीधी बस सेवा शुरू की जाए। श्रद्धालुओं की मांग को देखते हुए विभाग ने आज यह बस सेवा शुरू की है। मेयर अवनीत कौर ने कहा कि इन बस सेवाओं के शुरू होने से श्रद्धालुओं को काफी लाभ मिलेगा। श्री खाटूश्याम के लिए बस पानीपत से सांय: 5.20 बजे चलेगी और अगले दिन यही बस श्री खाटूश्याम से सांय: 5 बजे वापसी पानीपत के लिए रवाना होगी। श्री खाटूश्याम के लिए यह बस पानीपत से सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगी। इसी प्रकार वृंदावन के लिए बस पानीपत से प्रात: 5.30 पर चलेगी और वृंदावन से दोपहर 1 बजे वापसी पानीपत के लिए रवाना होगी। वृंदावन के लिए यह बस सेवा प्रतिदिन रहेगी। इस अवसर पर जीएम रोड़वेज कुलदीप जांगड़ा, विकास गोयल एवं कई अन्य समाजसेवी मौजूद रहे।

## किसान के खेत में चार फीट से भी बड़े बाजरे के सिरे



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
महेन्द्रगढ़ । गांव सिसोठ निवासी किसान सूरत सिंह यादव पूर्व पंचायत समिति ब्लॉक महेंद्रगढ़ के चेयरमैन के दादरी रोड मेन बस स्टेंड सिसोठ के नजदीक खेत में 4फुट से भी अधिक लंबे लंबे बाजरे के सीटे हुए है । ज्यादातर सीटे लगभग दो से तीन फुट के है । किसान सूरत सिंह यादव चेयरमैन अपने खेत में बाजरे के इतने लंबे लंबे सीटे देखकर खुशी महसूस कर रहा है। सुरतसिंह चेयरमैन ने बताया कि उसने कुल 7करनाल जमीन में ये देसी बाजरा हमने ट्रायल के तौर पर पछेता बोया था और इस सात करनाल में 22मन बाजरा पैदा हुआ है। बाजरा की इस फसल में सिर्फ एक पानी सीटे आने के समय दिया गया था ग्रामीण मुकेश चौहान ने बताया कि गांव सिसोठ ,रिवासा भगड़ाना,पालड़ी व आस पास के गांवों के ग्रामीण लोग बाजरे के इन सीटों को देखने आये थे ।

## अमित मिश्रा ने किया 54वीं बार रक्तदान



**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़।** भाजपा के जिला महामंत्री और सामाजिक कार्यकर्ता अमित मिश्रा ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा द्वारा जयराम सदन पर आयोजित रक्तदान शिविर में 54वीं बार रक्तदान कर एक मिसाल कायम की। अमित मिश्रा ने छात्र जीवन से जब छात्र राजनीति शुरू की तभी से ही अपने एक गुरु से ओरेरना लेकर रक्तदान शुरू किया और जीवन में 100 बार रक्तदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान करके मन को एक संतुष्टि मिलती है। रक्त किसी भी फैक्ट्री में या मशीन द्वारा तैयार नहीं किया जा सकता है। रक्त केवल मानव शरीर में तैयार होता है। हमें समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिये।

## महिला शिक्षिकाओं ने प्रधानमंत्री व सांसदों का आभार जताया



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** बहालगढ़ स्थित बाल जागृति स्कूल के निदेशक एवं जाखौली मंडल के महामंत्री नरेन्द्र कुमार धीमान के नेतृत्व में स्कूल की महिला शिक्षिकाओं ने खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री और अन्य सांसदों का आभार जताया। उनका कहना कि महिलाएं सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक समेत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने पर पंचायती राज, शहरी निकाय संस्थाओं में महिला को उचित प्रतिनिधित्व देने के बाद अब लोकसभा, विधानसभा स्तर पर भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने से न केवल उनकी प्रतिभागिता बढ़ेगी, बल्कि उनके आत्म-विश्वास में भी वृद्धि होगी।

## रैपिड एक्शन फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
गृह मंत्रालय की गाइडलाइन्स एंव कमाण्डेन्ट 194 रैपिड एक्शन फोर्स राकेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार उप कमाण्डेन्ट सुनील कुमार के नेतृत्व में ए /194 रैपिड एक्शन फोर्स परिचित अभ्यास के लिए 23 सितंबर को पानीपत पहुची। यह प्लाटुन 23 सितंबर से 29 सितंबर तक जिले के विभिन्न थानों से संबंधित क्षेत्रों में परिचित अभ्यास करेंगे। अभ्यास के पहले दिन आज रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा थाना सनौली के एरिया में अभ्यास किया गया। इस दौरान थाना क्षेत्रों के संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील इलाके तथा संस्थानों की जानकारी प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में पैदल मार्च किया तथा इलाके के वरिष्ठ नागरिकों / समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों से मेल मिलाप कर पूर्व में घटित हुए दंगो व अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। उप. कमाण्डेन्ट सुनील कुमार ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स और आमजन में सामंजस्य स्थापित करना है। जिससे कि भविष्य की संभावित चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सके। इस मौके पर सहा. कमान्डेंट सतीश कुमार, निरीक्षक छविराम, निरीक्षक धनराज, निरीक्षक रण सिंह, निरीक्षक योगेन्द्र, निरीक्षक देवकरण, सनौली थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार व 194 आर ए एफ के जवान मौजूद रहे।

## भगवान की शरण मे जाने हमारे सारे कष्ट दूर हो जाते हैं : आचार्य



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल ।** शहर में सीताराम मैरिज प्लेस में गोयल परिवार टीबा वसई वालों द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्री धाम वृंदावन से आए आचार्य राम मूर्ति जी महाराज ने आज कथा के अंतर्गत महाराज श्री ने कहा भगवान ने गिरिराज जी को 7 दिन तक अपनी एक उंगली पर धारण किया और बृजवासियों की रक्षा की। गिरिराज भगवान एक ऐसे हैं जीवन में हमसे कोई अपराध हो जाए तुम गिरिराज जी की शरण में चल जाए तो सारे अपराध हमारे दूर हो जाते हैं। महाराज की कथा सुनाते हुए महाराज श्री ने कहा की प्रेम गोपियों की तरह होना चाहिए जिन्होंने परमात्मा से दूर रहकर के भी भगवान कृष्ण से प्रेम किया। भगवान कृष्ण ने मथुरा में जरासंध को 17 बार पराजित किया भगवान कृष्ण ने विश्वकर्मा जी को बुलाकर के द्वारकापुरी का निर्माण करवाया और प्रभु ने प्रथम विवाह रुक्मणी से किया। आज कथा के अंतर्गत फूलों की होली की गई सभी भक्तों ने बहुत आनंद लिया । भागवत कथा में आयोजक समस्त गोयल परिवार टीबा बसई वाले व काफी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे। सभी ने भागवत कथा का रसपान किया।

## पूर्वजों के बलिदान को कभी ना भूले युवा पीढ़ी: उपायुक्त मोनिका गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल ।** हरियाणा प्रदेश वीर सेनानियों का प्रदेश है। देश हमेशा इनका ऋणी रहेगा। चाहे बात आजादी से पहले हुए आंदोलन की हो, या आजादी के बाद देश की सीमा की सुरक्षा की बात हो, हरियाणा के लोग हमेशा अग्रणी रहे हैं। हमारी युवा पीढ़ी को पूर्वजों द्वारा किए गए बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। यह बात उपायुक्त मोनिका गुप्ता ( आईएएस ) ने आज हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर नसीबपुर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करने के बाद कही। उपायुक्त ने कहा कि तिरंगे की आन-बान-शान के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले इन वीर शहीदों को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि देश के लिए हरियाणवी योद्धा अपना जीवन दांव पर लगाने से कभी पीछे नहीं हटता क्योंकि हरियाणा की मिट्टी, बलिदानी मिट्टी है। हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर योद्धाओं को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति ने इस देश की आजादी के लिए एक नई दिशा दी थी।

## दिल्ली पैरलल नहर में मिला नवजात शिशु का शव

**पानीपत, कमाल हुसैन**
**दिल्ली पैरलल** नहर में रिफाइनरी के नजदीक राहगीरों को एक नवजात शिशु का शव तैरता हुआ दिखाई दिया । जिसकी सूचना राहगीरों ने सदर थाना पुलिस को दी । सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल पानीपत के शव गृह में ले जाया गया । जहां पर नवजात शिशु के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामनिवास शर्मा ने बताया कि नवजात शिशु का शव दिल्ली पैललर नहर में करनाल मूनक की और से बहता हुआ आया था।

## संदीप गर्ग ने नगर खेड़े की प्राण प्रतिष्ठा के पूजन कार्य में की पूजा-अर्चना



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
प्रतिष्ठा का पूजन करवाया जा रहा है। जिसके चौथे दिन नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में प्राण प्रतिष्ठा का पूजन कार्य में भाग लेकर पूजा-अर्चना की।
मुख्यातिथि नेता संदीप गर्ग ने कहा कि हर वर्ष पूरे लाडवा के साथ-साथ पूरे हल्के के गांवो में नगर खेड़े पर वार्षिक यज्ञ का आयोजन होता है। जिसमें पूरे लोग भाग लेते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं। उन्होंने बताया कि इस पूजा में पूरे नगर की सुख-स्मृद्धि की कामना की जाती है। वहीं सरपंच विक्रम सिंह ने बताया कि रविवार को हवन व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मौके पर राजेश कुमार, प्रवेश कुमार, रविन्द्र कुमार, कुलदीप सिंह, गुरजीत सिंह, रामशरण, रमेश कुमार, नर सिंह, बलकार सिंह, सन्नी, तरुण, मुल्ख राज आदि मौजूद थे।

## सहायक उपमंडलाधिकारी के खिलाफ नारेबाजी की

**घेराव करेंगे**

**8 बदले की भावना से अधिकारी राजेंद्र सिंह दहिया व विनोद ढुल आये दिन बार बार बदली करते रहते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**फायर** जिला कमेटी के आहवान पर दमकल केन्द्र सै 3 में गेट मीटिंग की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान संदीप तूर ने की व मंच संचालक अमित दहिया ने किया। गेट मीटिंग करते हुए कर्मचारियों ने सहायक उपमंडलाधिकारी सोनीपत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व रोष प्रकट किया। कर्मचारियों की बदले की भावना से अधिकारी राजेंद्र सिंह दहिया व विनोद ढुल आये दिन बार बार बदली करते रहते हैं जिससे कर्मचारी मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान हो रहे हैं काफी समय से लंबित मांगों पर भी समाधान नहीं हो पा रहा है। इसी के साथ ही विभाग में कई तरह के भ्रष्टाचार पननप रहे हैं अगर 25/9/23 तक हमारी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो इस भ्रष्टाचार की पोल मिडिया व सोशल मीडिया के तहत सामने लाने का काम किया जायेगा। 26/9/23 को फायर विभाग युनियन की राज्य कमेटी व राज्य प्रधान राजेंद्र सणद, सोनीपत फायर की जिला कमेटी तमाम कर्मचारी , सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कमेटी, नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कमेटी, उपमंडलाधिकारी सोनीपत का घेराव किया जायेगा घेराव के बाद अनिश्चितकालीन आमरण-अनशन भुखहडताल जैसा कठोर फैसला लिया जा सकता है। मीटिंग में शामिल पदाधिकारी नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा राज्य प्रेस सचिव राजीव खत्री, जिला कोषाध्यक्ष विजय, नितेश, सुमित, मुकेश आदि शामिल रहे।

## केयू के जूलोजी विभाग का जींद के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र, (दलबीर मलिक)** केयू के जूलोजी विभाग का जींद के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। जींद के विभिन्न सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ 4 दिवसीय सांस्कृतिक और शैक्षणिक भ्रमण पर थे। भ्रमण के दौरान छात्रों ने अमृतसर, वाघा बार्डर, कपूरथला साईंस सिटी, कुवि धरोहर और जूलोजी विभाग का शैक्षणिक भ्रमण किया। जूलोजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि विभाग विभिन्न सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए हमेशा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता है। विभाग के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने जूलोजिकल म्यूजियम, जूलोजिकल गैलरी, जूलोजिकल लैब्स का अवलोकन किया तथा वहां की व्यवस्था की सराहना की। डॉ. दीपक राय बब्बर ने विभाग के सेमिनार कक्ष में उपस्थित छात्रों को सम्बोधित करते हुए जूलोजी विषय के स्कोप, विभाग में चल रहे शोध कार्यो तथा विभाग में चलाए जा रहे विभिन्न प्रोग्राम्स के बारे में बताया। इस मौके पर डॉ. अनिता भटनागर, डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, डॉ. परमजीत कौर, डॉ. पूनम भारद्वाज ने भी विद्यार्थियों को विभाग के बारे में जानकारी दी।

## 'राजा राव तुलाराम के नेतृत्व में पांच हजार सैनिकों ने अंग्रेजों से लिया था लोहा'

**आह्वान**

**8 सीकर में होने वाली किसान विजय सम्मान रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया**



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** सन 1857 के शूरवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य नसीबपुर के शहीदी स्मारक पर जननायक जनता पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि श्रद्धांजलि देने वालों में जजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं नप की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, प्रदेश महासचिव एडवोकेट तेजप्रकाश यादव एवं जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा प्रमुख रूप से शामिल थे। इस मौके पर एडवोकेट तेजप्रकाश यादव ने कहा कि आजादी के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की शुरूआत नसीबपुर के इसी मैदान से हुई थी, जिसमें राजा राव तुलाराम के नेतृत्व में पांच हजार से अधिक वीर सैनिकों ने अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई का लोहा लिया था और अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया था। देश-दुनिया के इतिहास में ऐसी लड़ाई कहीं भी नहीं लड़ी गई, जब एकसाथ इतनी बड़ी संख्या में आजादी के लिए वीर सेनानियों ने बलिदान दिया हो। यह उन शहीदों की शहादत का ही परिणाम था कि नसीबपुर की धरती उनके लहू से लाल हो गई थी। तभी से नसीबपुर की धरती लाल मैदान के रूप में मशहूर है। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों को 25 सितंबर को चौधरी देवीलाल की जयंती पर सीकर में होने वाली किसान विजय सम्मान रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ नेता अमरसिंह ब्रह्मचारी, हलका अध्यक्ष भोजराज यादव, कुलदीप कलवाड़ी, बिरेंद्र बनिहाड़ी, हरफूल मैनेजर, महेंद्र खन्ना, रामकुमार मकसूसपुरिया, सुरेंद्र ढिल्लो, बिरेंद्र घाटाशेर, रघुवीर सैनी, लीलाराम सरपंच, गुरदीप सरदार, अनिल कुमार जेई, दीपक यादव आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# त्रीनगर: पार्षद मीनू गोयल ने चलाया स्वच्छता अभियान







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड नंबर-63 स्थित जय माता मार्किट में सेवा पखवाड़ा के अंतगर्त स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्थानीय निगम पार्षद मीनू विरेंद्र गोयल, मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी के साथ-साथ जय माता मार्किट की रेसिडेंट्स वेलफेयर ऐसोसियशन के समस्त पदाधिकारी भी मौजूद थे। इस मौके पर पार्षद मीनू गोयल ने बताया कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतगर्त स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा हैं। वहीं पार्षदा ने यह भी कहा कि जैसे हम अपने घरों मे प्रत्येक दिन सफाई करते हैं, वैसे ही हमे अपने घरों के आस-पास व मोहल्लें को भी साफ और स्वच्छ रखना भी हमारी ही जिम्मेदारी हैं, क्योंकि यह शहर और देश भी हमारा ही घर हैं। उन्होंने स्थानीय जनता से भी अपील करते हुए यह कहा है कि स्वच्छता बनाएं रखने में निगम के कर्मचारियों की मदद करके अपना भारतीय होने का फर्ज अदा करें। वहीं मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी ने बताया कि जय माता मार्किट की आरडब्लूए के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया गया था। इस दौरान निगम पार्षद मीनू गोयल के अतिरिक्त भाजपा के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्रवासियों ने भी बढ़-चढ़ कर सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

# मित्रता श्री कृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए: महाराज




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी इलाके के जे ब्लॉक स्थित पार्क में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक श्रद्धेय श्री शिवानंद राधेय जी महाराज ने सुदामा चरित्र प्रसंग का वर्णन किया। आपको बतादें कि कथा का आयोजन सेवा समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट बृजधाम गोर्वधन के तत्वाधान में किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य यजमान प्रेमराज यादव व सुनीता यादव और सेवादार कुंता जी सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे। महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि संसार में मित्रता श्री कृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए।

उन्होंने आगे बताया कि सुदामा के आने की खबर मिलने पर श्रीकृष्ण दौड़ते हुए दरवाजे तक गए।

श्री कृष्ण अपने बाल सखा सुदामा के आगमन पर उनके पैर धोने के लिए पानी मंगवाया, परन्तु सुदामा की दुर्दशा को देखकर इतना दुख हुआ है कि प्रभु के आंसुओं से ही सुदामा के पैर धुल गए।

# शालीमार गांव के इंदिरा पार्क में गणेश पूजन का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** गांव के इंदिरा पार्क में गणेश पूजन का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया जा रहा है। इस दौरान गणेश पूजा में जागरण का प्रोग्राम रखा गया और आरती एवं भंडारा का आयोजन भी किया गया। सभी भक्तों ने मिलकर आरती में भाग लिया। शालीमार गांव गली नंबर-9 में गणेश पूजा का आयोजन पहली बार किया गया। सभी ने मिलकर भगवान गणेश से प्रार्थना की। इस मौके पर समाजसेवी राजकुमार चौधरी, रानी कुमारी, शिवम कुमार, शिवराज



कुमार, शिवानी कुमारी, रेखा देवी, रंजीत कुमार, रंजीत साहनी, रामचंद्र चौधरी, सोनू कुमार, चौधरी रवि कुमार, मिंटू कुमार, आरती कुमारी, रूपा प्रिया, विमल देवी सभी लोगों ने भाग लिया।

# बादली विधानसभा: क्षेत्र के विकास पर दे रही हूं विशेष रूप से ध्यान: टिम्सी सुरेश शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के आह्वान पर बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के नेतृत्व में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा वार्ड-18 जहांगीर पुरी में लगातार सफाई अभियान जारी है। भलस्वा वार्ड की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही निगम के मलेरिया विभाग के द्वारा डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया को देखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।





**भलस्वा डेरी गुरुद्वारा के पास बंद पड़े नाले को खुलवाया गया:** पार्षद ने जानकारी देते हुए बताया कि भलस्वा वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके गुरूद्वारा कॉलोनी के पास बने नाले को खुलवाया गया, जिससे की क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरूरस्त रहे।

**गुरूनानक नगर में चलाया गया सफाई अभियान:** पार्षद ने कहा कि लोगों को स्वच्छ वातावरण मिले इसको ध्यान में रखते हुए गुरुनानक नगर में अपनी उपस्थिति में साफ-सफाई करवाई और लोगों से अपील भी कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र साफ और सुथरा नजर आये।

**राजीव नगर एक्सटेंशन और जेजे कॉलोनी में करवाई गई नालों की सफाई:** राजीव नगर एक्सटेंशन और भलस्वा जेजे कॉलोनी के नालों की सफाई निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने करवाई और साथ ही कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वह क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न बरते। कलंदर कॉलोनी में दिवार टूटी हुई थी, उस टूटी हुई दिवार को बनवाया गया जिससे की लोगों को परेशान न होना पड़े।

**बुजुर्गो के मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना हेतू किये गये आवेदन:** पार्षद ने यह भी बताया कि बुजुर्गों के मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना हेतू आवेदन किये गये।

# अजीत यादव ने डीडीए के अधिकारियों के साथ की बैठक




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद अजीत यादव ने डीडीए के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मीटिंग की। जिसमें भलस्वा गांव डीडीए वाला पार्क की समस्या को लेकर और डीडीए से सम्बंधित सभी विषयों पर चर्चा हुई।

इस मीटिंग में आरडब्ल्यूए भलस्वा अध्यक्ष हरिराम यादव व अन्य सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर पार्षद अजीत यादव ने बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर विशेष रूप से ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर रहा हूं ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सके।

# 'गणपति सभी की सुनते है, बस करें सच्चे मन से आराधना'




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र में गणपति उत्सव के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी पहुंची और कहा कि प्रभु सभी की सुनते है, बस सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए।

उन्होंने प्रभु से प्रार्थना करते हुए कहा कि प्रभु सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये और सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हो।

उन्होंने आगे बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है, इसलिए सभी हमेशा ही सत्य की राह पर चले। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ ने जंतर-मंतर पर किया विशाल प्रदर्शन, पहुंचे सैकड़ो लोग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** प्रजापति महासंघ व सहयोगी संस्थाओं के तत्वाधान में पिछड़ा वर्ग की प्रमुख मांगो को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर जनसभा का आयोजन किया गया।

जनसभा की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार प्रजापति ने की और संचालन राष्ट्रीय मुख्य महासचिव राजवीर सिंह प्रजापति ने किया। जिसमे राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रमोद कुमार प्रजापति, राष्ट्रीय सचिव सुरेश कुमार प्रजापति, राष्ट्रीय संरक्षक हंसराज भोरिया, रामअंजोर प्रजापति, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जय भगवन प्रजापति, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री चन्द्र प्रकाश प्रजापति, दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष राहुल प्रजापति, अजित प्रजापति, सोनू





प्रजापति, विजय प्रजापति, मुकेश प्रजापति, सुशील प्रजापति, रवि प्रजापति, नन्द राम प्रजापति, सत्य प्रकाश आर्य, मंगल सेन प्रजापति, सुरेश प्रजापति, श्री भगवान प्रजापति और पूरे भारत से आये हुए पिछड़ा वर्ग व प्रजापति समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर राहुल प्रजापति ने मंच से लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछड़े वर्ग के लोगों का हमेशा से शोषण होता आया है। ना ही हमें एक समान शिक्षा मिलती है और नौकरियों में भी क्रीमी लेयर का झांसा देकर बाहर कर दिया जाता है।

राहुल प्रजापति ने कहा कि ये लोग पिछड़े वर्ग व दलितों को लुभा कर उनका वोट लेकर ये लोग सरकार बनाने का काम करते है कोई भी नेता 5 साल में एक बार हमारी गली में आता है और हाथ जोड़कर वोट की भीख मांगता है और उस समय हम वह गलती कर बैठते है, लेकिन वह एक बार की गलती हमें 5 साल के लिए भिखारी बना देती है। मात्र एक छोटे से काम के लिए उनके दरवाजे पर ऐसे प्रार्थना करनी पड़ती है जैसे भिखारी भीख मांगता है। इसलिए देश के अंदर जाति आधारित जातिगत जनगणना कराई जाये, ताकि स्पष्ट हो सके कि किस जाति वर्ग की कितनी जनसख्यां है। जिसकी जितनी संख्या उसको उतना आरक्षण दिया जाना चाहिए। किसी भी कला को जीवतंत देने की जिम्मेदारी सरकार की होती है।

इसी क्रम में राष्ट्रीय स्तर पर माटी कला बोर्ड बनाते हुए उन राज्यों में भी माटी कला बोर्ड का गठन किया जाये। जिनमें अभी तक नहीं बनाया है। तमाम मांगो का जिक्र करते हुए राहुल प्रजापति ने कहा कि अगर सरकार हमारी मांगो को नहीं मानती है तो पिछड़ा वर्ग व प्रजापति समाज एकजुट होकर आने वाले लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेगा और सड़को पर निकलेगा।

# जन संवाद पोर्टल पर दर्ज समस्याओं का समयानुसार करें निपटारा: मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनों को समय अनुसार एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने के साथ-साथ महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी आम जनों को उपलब्ध कराना जन संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है और उन्होंने जन संवाद पोर्टल पर दर्ज समस्याओं का तय समय में निवारण करने के आदेश देते हुए कहा है कि इस पोर्टल पर दर्ज हुई शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा करें। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला के



सभी उपायुक्तों से बातचीत कर जन संवाद पोर्टल पर दर्ज समस्याओं और विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जन संवाद कार्यक्रमों में आए आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। उन आवेदनों को निपटान के लिए एक समय सीमा निर्धारित की गई है। उसी समय सीमा में यह काम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रमों में होने वाली घोषणाओं की आगामी कार्रवाई की रिपोर्ट भी संबंधित उपायुक्त मुख्यालय भिजवाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने सड़को, मेरी फसल मेरा ब्योरा के मिसमेच, मंडियों में फसल खरीद सुनिश्चित करने, मुख्यमंत्री घोषणाओं, मेरी माटी मेरा देश, लिंगानुपात सहित महत्वपूर्ण योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गांवों और शहरों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए तीन करम से अधिक चौड़ाई वाले सभी रास्तों को पक्का किया जाएगा।

उन्होंने पड़ोसी राज्यों से बाजरे की स्मगलिंग की आशंका को देखते हुए सभी जिला उपायुक्त सभी संबंधित एजेंसियों के सहयोग से सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखने की निर्देश दिए । बैठक के उपरांत उपायुक्त विक्रम सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेते हुए खाद्य आपूर्ति और मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मंडियों में फसल खरीद के लिए सभी पुख्ता प्रबंध करें। मंडियों में पानी, बिजली, शौचालयों, साफ सफाई, तिरपाल आदि की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर ले और साथ ही कंप्यूटर उपकरण और डेटा एंट्री ऑपरेटरों के साथ-साथ निर्बाध इंटरनेट सुविधा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर दर्ज फसलों के मिसमैच को दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कोई मिसमैच जैसे समस्या है तो जल्द से जल्द यह मिसमैच ठीक करवाएं ताकि किसानों को मंडी में फसल बेचने व भावांतर भरपाई योजना का लाभ लेने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।

# वीर सपूतों की वजह से ही आज हम आजाद देश की खुली हवा में ले रहे हैं सांस : शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** शहीदों की चिताओ पर लगेंगे हर वर्ष मेले बस एक यही निशा बाकी रहेगा की बात को चरितार्थ करते हुए प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने आज शनिवार को वीर शहीद राव तुलाराम जी की याद में शहीदी दिवस पर बल्लभगढ़ के राजा नाहर सिंह पार्क में शहीद स्मारक पर पहुंच कर ज्ञात अज्ञात वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा उन्हें याद करते हुए उनकी शहादत को नमन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे वीर सपूतों की वजह से ही आज हम आजाद देश की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीदों की शहादत को कभी भी भुलाया नहीं जा उनकी शहादत हमेशा हमेशा स्मरणीय रहेंगी।



परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि वीर शहीद राव तुलाराम जी हरियाणा की आन बान शान और राज नायक रहे हैं।
परिवहन मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि शहीद राव तुलाराम ने अंग्रेजी हुकूमत से जमकर लड़ाई लड़ी थी और 1857 की क्रांति में बढ़ चढ़ कर के योगदान देते हुए हरियाणा का नेतृत्व किया था। इस मौके पर पूर्व पार्षद दया चंद यादव , निर्वतमान पार्षद दीपक यादव , प्रधान ओमी यादव, भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, पारस जैन, लखन बेनीवाल, बल्लभगढ़ बस अड्डा मार्किट के प्रधान प्रेम खट्टर, महेश मित्तल,योगेश शर्मा,बिट्टू पंजाबी,सचिन गर्ग,सुषमा यादव, रिशपाल लांबा, डाल चंद डागर सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता ने सेक्टर 12 स्थित खेल परिसर में खिलाड़ियों को महिला खिलाड़ियों को डायल 112 एप्प डाउनलोड कर करवाया रजिस्ट्रेशन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** माननीय पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के दिशा निर्देश व पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के मार्गदर्शन में महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता व उनकी टीम ने सेक्टर 12 स्थित खेल परिसर में खिलाड़ियों को महिला खिलाड़ियों को डायल 112 एप्प डाउनलोड करवाया और उन्हें महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा संबंधित सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरुक करते हुए जानकारी प्रदान की। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ के दिशा निर्देश के तहत महिला खिलाड़ियों को जागरूक करने के लिए महिला थाना सेंट्रल की टीम खेल परिसर पहुंची जहां इंस्पेक्टर गीता ने वहां पर मौजूद महिला खिलाड़ियों को महिला विरुद्ध अपराध के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि महिला खिलाड़ी दिन-रात परिश्रम करके अपने खेल को आगे बढ़ाने में प्रयासरत रहती हैं। कई बार वह खेलते खेलते लेट हो जाते हैं और अंधेरा होने के पश्चात ही घर के लिए रवाना होती है जिसके लिए उन्हें ऑटो लेना पड़ता है। महिलाओं को घर पहुंचने में कोई परेशानी ना हो इसलिए पुलिस महानिदेशक द्वारा सेफ सिटी परियोजना की शुरूआत की गई है जिसमें पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के मार्गदर्शन में इस मुहिम को कामयाब बनाने के लिए महिलाओं को डायल 112 ऐप डाउनलोड करने तथा इस पर रजिस्ट्रेशन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि कोई भी महिला असुरक्षित महसूस ना करें और वह सुरक्षित अपने घर पहुंच सके। महिला सुरक्षा के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा अहम कदम उठाए जा रहे हैं। डायल 112 ऐप पर रजिस्ट्रेशन करने का फायदा यह होगा कि रजिस्ट्रेशन करने के बाद जब वह डायल 112 पर फोन करेंगे तो उन्हें दोबारा से अपनी सारी जानकारी नहीं देनी पड़ेगी बल्कि रजिस्ट्रेशन करने के परिणामस्वरुप उनकी सारी जानकारी पुलिस के पास पहले से मौजूद होगी इसलिए महिलाओं का समय भी बचेगा और उन्हें तुरंत मदद भी पहुंचाई जा सकेगी। इसके साथ ही फरीदाबाद में ऑटो चालकों का डाटा एकत्रित किया जा रहा है जिसमें ऑटो चालकों को एक यूनिक नंबर अलॉट किया जाएगा ताकि उनको ट्रैक करना आसान हो। ऑटो चालकों को निर्देशित किया गया है कि वह अपना व ऑटो मलिक का मोबाइल नंबर सहित सारी जानकारी ऑटो के अंदर सामने वाली साइड पर लगाकर रखें ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं यह फोटो डायल 112 पर भेज सकें जिससे पुलिस को जानकारी प्राप्त हो जाएगी की यह महिला किस ऑटो में सफर कर रही है। इसके अलावा पुलिस टीम ने खिलाड़ियों को साइबर अपराध से बचने के लिए अपना बैंक खाता, क्रेडिट या डेबिट कार्ड की कोई जानकारी किसी के साथ साझा न करने की हिदायत दी। पुलिस द्वारा दुर्गा शक्ति एप खिलाड़ियों के मोबाइल में डाउनलोड करवाया गया और इसके बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों ने दुर्गा शक्ति एप के बारे में खिलाड़ियों को जानकारी देते हुए बताया कि यदि आपको कहीं पर भी महिला विरुद्ध अपराध घटित होता दिखाई दे तो वह इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस द्वारा इस प्रकार के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही खिलाड़ियों को साइबर अपराध से बचाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930, नशा तस्करों के बारे में पुलिस को सूचना देने के लिए 9050891508 हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के समापन पर खिलाड़ियों ने पुलिस द्वारा दी गई इस अहम जानकारी के लिए उनका धन्यवाद किया।

## पुलिस आयुक्त ने अपराध पर अंकुश लगाने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने सेक्टर 12 में सेंट्रल जॉन के पुलिस अधिकारियो के साथ क्राइम मीटिंग ली। बैठक में डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ सहित सेंट्रल जोन के सभी एसीपी, सभी थाना प्रबंधक, सभी चौकी प्रभारी, क्राइम ब्रांच व कार्यालय के सभी ब्राचं इंचार्ज और संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस आयुक्त ने सबसे पहले सेंट्रल जॉन के सभी थाना चौकियो की भौगोलिक परिस्थितियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

# तिगांव विधानसभा में बिछाया जा रहा सडकों का जाल: राजेश नागर

**निर्माण**

**8 बुजुर्गों के हाथ नारियल फुड़वाकर तिगांव में शुरू कराया 20 सडकों के निर्माण का कार्य**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** विधायक राजेश नागर ने आज तिगांव की करीब 20 सडकों को बनाने के काम की शुरूआत करवाई। इस अवसर पर तिगांव सदपुरा रोड़ पर बुजुर्गों के हाथ नारियल फुड़वाकर इसकी शुरूआत की गई। इनको बनाने पर करीब 84 लाख रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि



तिगांव क्षेत्र में सडकों का जाल बिछाया जा रहा है। इसके अंतर्गत भतौला से तिगांव तक फोर लेन रोड़ बनाने का काम तेजी पर है जो जल्द ही पूरा हो जाएगी। इसके साथ ही बल्लभगढ़ से तिगांव रोड के चौडीकरण का टेंडर हो गया है। जिसको जल्द शुरू किया जाएगा। वहीं तिगांव की फिरनी को पक्का करने का काम भी तेजी पर जारी है। इसके साथ खेड़ी पुल से जसाना, नचौली होते हुए मंझावली जाने वाली सडक को भी फोर लेन बनाने का काम तेजी से जारी है। जिसके बनने के बाद लोगों को नोएडा होते हुए यूपी जाना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अब निरंतर किसी न किसी सडक को बनते हुए देखेंगे और तिगांव विकास की नई इबारत लिखेगा। नागर ने कहा कि तिगांव विधानसभा विकास के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। यहां शिक्षा, स्वास्थ्य और सडक के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनता के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से तिगांव आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि तिगांव की जनता ने प्रदेश में सर्वाधिक वोट देकर मुझे विधानसभा में पहुंचाया है। सीएम साहब भी मेरे क्षेत्र को विकास के मामले में तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। हमारी जनता की मांगों को प्राथमिकता से आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर तिगांव अधाना सरपंच वेदप्रकाश अधाना, तिगांव नागर सरपंच विक्रम प्रताप नागर, अमन नागर, साहिब राम नागर, सतपाल नागर, पप्पू चेयरमैन, राजेंद्र सरपंच, दयानंद नागर, बलजीत नागर, रामबीर नागर, चौधरी हीरे नागर, रामेश्वर नागर, जगबीर अधाना, ज्ञानचंद नागर, कृष्ण अधाना हाडा, महेश नागर, नरेश मैंबर, प्रमोद नागर, ओमजीत नागर, विनोद भड़ाना, कालू पहलवान, चौ नत्थी नागर, चौ विरेंद्र सूबेदार, जेई राजवीर, पं राजेंद्र नंबरदार, वीरपाल जैलदार, गोरखी नागर, जयकिशन वर्मा, वीर सिंह नागर, सुनील कुमार बीडीसी, पीपी कौशिक, जसवंत अधाना, नरमेश भाटी, कमल मैंबर, कर्मवीर वोहरा, डीपी हरबीर, सतबीर चेची, तेज सिंह अधाना, तेज सिंह अधाना पूर्व बीडीसी, भीम बुखारपुर, आजाद नागर, सुभाष नागर आदि मौजूद रहे।

# वर्तमान और पूर्व विधायक ने बना दिया एनआईटी -86 को नरक -धर्मवीर भड़ाना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** एन आई टी फरीदाबाद के लोगों ने कभी सोचा नहीं होगा कि उनका हाल इतना बेहाल हो जाएगा । क्षेत्र के सैकड़ो गलियों में सीवर का पानी भरा हुआ है । लोग घर से निकलने में कांपते हैं और रात में अगर कोई मुसीबत आ जाए घर से बाहर जाना पड़े तो सौ बार सोचते हैं । यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने परिवार जोड़ो अभियान के तहत एयर फोर्स के पास जवाहर कॉलोनी की कई



गलियों में अभियान चलाया और वहां के हालात का जायजा भी लिया । धर्मवीर भड़ाना ने कहां की वर्तमान समय में हर किसी से टैक्स वसूला जा रहा है चाहे वह गरीब हो या अमीर, गरीब अगर दूध बिस्किट या कोई खाद्य पदार्थ खरीदना है तो टैक्स देता है लेकिन उसे सुविधाएं नहीं मिल रही हैं । पानी खरीद कर पी रहा है, बिजली के भारी भरकम बिल ने जीना हराम कर दिया है और शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर भी जनता से लूट खसोट हो रही है । जहां गरीबों के घर है वहां की सड़क चलने लायक नहीं है । सबसे ज्यादा बेहाल एन आई टी -86 फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की की जनता है । उन्होंने कहा कि यहां के विधायक खुलकर जनता से कहते हैं कि मुझे आपका वोट नही चाहिए और पूर्व विधायक ढोल बजाते हुए उन्हें गलियों में घूम रहे हैं जो गालियां थोड़ी चलने लायक हैं ।

## कृष्ण पाल गुर्जर और कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा करेंगे शिविर का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री, विद्युत एवं भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार श्री कृष्ण पाल गुर्जर, माननीय कैबिनेट मंत्री, परिवहन, खान एवं भूविज्ञान चुनाव एवं उच्च शिक्षा हरियाणा सरकार श्री मूल चन्द शर्मा द्वारा रविवार को स्थानीय सैक्टर- 110 गांव नवादा आईएमटी में आयोजित दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण विशाल शिविर का शुभारंभ किया जाएगा।

जहां स्थानीय जन प्रतिनिधि व अन्य गणमान्यजन उपस्थिति रहेंगे।

# पुलिस आयुक्त ने अजरौंदा चौक स्थित स्मार्ट सिटी फरीदाबाद कार्यालय में सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग का लिया जायजा



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य आज अजरोंदा चौक स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने सीसीटीवी कैमरा की मॉनिटरिंग देखी और अधिकारियों व कर्मचारियों को मॉनिटरिंग को ओर बेहतर करने की दिशा में अहम निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सेक्टर 12 सेंट्रल जोन की मीटिंग के पश्चात पुलिस आयुक्त स्मार्ट सिटी कार्यालय पहुंचे जहां पर फरीदाबाद के सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग की जाती है। यह कैमरा फरीदाबाद के चिन्हित किए गए स्थान पर लगाए गए हैं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा का उपयोग वाहनों पर निगरानी रखने तथा अपराधियों को पकड़ने में उन्हें सजा दिलाने के में अहम योगदान रखते हैं। सीसीटीवी के माध्यम से वारदात में प्रयोग किसी भी वाहन को ट्रैक किया जा सकता है या किसी की अपराधी की पहचान की जा सकती है जिससे उन्हें पकड़ने में आसानी होती है और उनके खिलाफ इन्हें सबूत के तौर पर भी उपयोग में लिया जा सकता है इसलिए इन कमरों की अच्छे तरीके से मॉनिटरिंग करना बहुत आवश्यक है। इन सीसीटीवी के माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटे जाते हैं और फोटो सहित चालान को वाहन मालिक के पत्ते पर पोस्ट कर दिए जाते हैं। इसलिए यह सीसीटीवी यातायात नियंत्रण में भी मददगार साबित होते हैं। इन सीसीटीवी कैमरा को स्मार्ट सिटी कार्यालय में मॉनिटर किया जाता है और शहर के विभिन्न स्थानों पर होने वाली घटनाओं को देखा जा सकता है।

पुलिस आयुक्त ने इन स्मार्ट सिटी कार्यालय के अधिकारियों से स्मार्ट सिटी की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और उनसे विभिन्न सीसीटीवी कैमरा व उनके द्वारा कवर किए जाने वाले क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर मॉनिटरिंग को ओर बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# नेहरू कॉलेज ने मनाया एनएसएस फाउंडेशन दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद के संध्या महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट ने एनएसएस फाउंडेशन दिवस के मौके पर डॉ दुर्गेश के मार्गदर्शन में निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया जहां सैकडो विद्यार्थियों ने अपनी स्वास्थ्य जाँच कराई। डॉ एल. एस प्रेमी और डॉ सतेंद्र ने सभी की जाँच की और अच्छी उत्तम डाइट के बारे में भी बताया। डॉ दुर्गेश की तरफ से सैकडो विद्यार्थियों को मल्टीविटामिंस भी वितरित की गई। मुख्यतिथि के रूप में प्राचार्या डॉ रुचिरा खुल्लर ने



शिरकत की। प्राचार्या ने डॉ दुर्गेश और उनकी टीम को सफल कार्यक्रम की शुभकामनाएँ दी। डॉ दुर्गेश के मार्गदर्शन में संध्या महाविद्यालय की एनएसएस टीम ने केवल 2 वर्ष में कई नये आयाम स्थापित किए है। ज़िला प्रशासन के सभी कार्यक्रमों, यूनिवर्सिटी के सभी प्रोग्रामों के साथ साथ सभी सर्वे और समाज सेवी कामों में बढ़ चढ़ कर भाग के रहे है। डॉ दुर्गेश ने बताया कि एनएसएस फाउंडेशन डे 24 सितंबर को मनाया जाता है लेकिन 23-24 सितंबर को सरकारी छुट्टी होने के कारण 22 को स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारे एनएसएस विद्यार्थी एनएसएस को स्वयं के अंदर विद्यमान मानकर पूरी ईमानदारी से कार्य करते है। निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प के दौरान संध्या महाविद्यालय इंचार्ज डॉ उपासना शर्मा, सुमन जून, संगीता, मनीषा, भूमेश, भगवान दास आदि उपस्थित उपस्थित रहे।

# सविता व उनकी टीम ने महिलाओं को डाउनलोड करवाई डायल 112 ऐप

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता व उनकी टीम ने सेक्टर 28 स्थित शाही एक्सपोर्ट कंपनी में महिलाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा संबंधित सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरुक करते हुए जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर उनके साथ सेक्टर 31 से एएसआई गीता, कंपनी की तरफ से बबिता चुग सहित कंपनी प्रशासन मौजूद रहा। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर सविता ने शाही एक्सपोर्ट कंपनी में महिला विरुद्ध अपराध के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि कंपनी में काम



करने वाली महिला शिफ्ट में कार्य करती हैं इसलिए उन्हें किसी भी समय आना या जाना पड़ सकता है। रात के समय महिलाएं सुरक्षित महसूस करें इसके लिए माननीय पुलिस आयुक्त ने महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सेफ सिटी परियोजना शुरू की है। इसके तहत प्रतिदिन लेट रात को यात्रा करने वाली महिलाएं अपने आप को डायल 112 पर रजिस्टर करवा सकती हैं और पुलिस द्वारा ऑटो चालकों को भी ट्रैक करने का तरीका अपनाया गया है जिसमें ऑटो चालकों को एक यूनिक नंबर दिया जाएगा और ऑटो चालकों को उनका नाम, मोबाइल नंबर, ऑटो मलिक का नाम, पता सही सारी जानकारी ऑटो के अंदर सामने वाली साइड लगानी अनिवार्य की जाएगी ताकि जो भी महिला उसमें यात्रा करे वह इसकी फोटो खींचकर डायल 112 पर भेज दें। इस प्रकार जो महिला उसे ऑटो में यात्रा करेगी उस महिला और ऑटो चालक दोनों की जानकारी पुलिस के पास होगी जिससे ऑटो चालक को आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा।

पुलिस के इस प्रयास से ऑटो चालकों में भी पुलिस डर रहेगा और वह किसी प्रकार की आपराधिक वारदात को अंजाम देने की कोशिश नहीं करेंगे। इसके अलावा पुलिस टीम ने महिलाओं को साइबर अपराध से बचने के लिए अपना बैंक खाता, क्रेडिट या डेबिट कार्ड की कोई जानकारी किसी के साथ साझा न करने की हिदायत दी। पुलिस द्वारा दुर्गा शक्ति एप महिलाओं के मोबाइल में डाउनलोड करवाया गया और इसके बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों ने दुर्गा शक्ति एप के बारे में महिलाओं को जानकारी देते हुए बताया कि यदि आपको कहीं पर भी महिला विरुद्ध अपराध घटित होता दिखाई दे तो वह इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस द्वारा इस प्रकार के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही छात्रों को साइबर अपराध से बचाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930, नशा तस्करों के बारे में पुलिस को सूचना देने के लिए 9050891508 हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी प्रदान की।

# यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए फरीदाबाद पुलिस संभाल रही कमान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश तथा एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। फरीदाबाद में हुई भारी बारिश के कारण सड़कों पर बहुत अधिक पानी भर गया है जिसकी वजह से ट्रैफिक एग्जाम की समस्या उत्पन्न हो गई है। कुछ गाड़ियां तो पानी अधिक होने के कारण बंद हो गई जिसकी वजह से उन्हें धक्का निकाल कर बाहर निकलवाना पड़ा जिसके लिए



फरीदाबाद पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद में हो रही भारी बारिश के बीच ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में काफी परेशानी हो रही है परंतु इसके बावजूद यातायात पुलिस हर संभव प्रयास करके इसे व्यवस्थित करने में लगी हुई है। बारिश के मौसम में सड़कों पर गड्ढे दिखाई नहीं देते और वहां पर आ रहे वाहन इन गड्ढों में टकराकर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं जिसकी वजह से कई यात्रियों को चोट भी लग जाती है और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो जाता है। क्षतिग्रस्त होने का कारण वाहन खराब हो जाते हैं और पानी से भरी सड़क के बीचो बीच रुक जाते हैं जिसकी वजह से उनके पीछे आ रहे वाहन भी खराब हो जाते हैं। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को डीसीपी ट्रैफिक द्वारा निर्देशित किया गया है।

आदर्श रसोई साल दूसरा - सप्ताह 25वां

# आदर्श रसोई ने धूमधाम से मनाया राजेंद्र साहू और विवेक तोमर का जन्मदिन

## राकेश भारद्वाज चौक पर राजेंद्र साहू और विवेक तोमर ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का विधिवत शुभारंभ, टोकन देकर आदर्श रसोई की शुरूआत की गई












**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर धूमधाम से आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के 25वें रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### आदर्श रसोई का एक साल रहा बेमिसाल

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर धूमधाम से आदर्श रसोई का आयोजन किया जा रहा है। ये आदर्श रसोई का दूसरा वर्ष है। आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "**आदर्श रसोई**" ने साप्ताहिक रविवारीय कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

### विधिवत रूप से राजेंद्र साहू और विवेक तोमर ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने दूसरे वर्ष का 25वां रविवारीय कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया। इस बार आदर्श रसोई ने रसोई के कर्मठ सदस्य राजेंद्र साहू और विवेक तोमर का धूमधाम से जन्मदिन मनाया। राजेंदर साहू और विवेक तोमर ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया और फूलों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।



### क्या बोले राजेंद्र साहू

इस विशेष मौके पर राजेंद्र साहू ने कहा कि "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा कर लिया है। आदर्श रसोई का सालाना कार्यक्रम अपने आप में सफलता का परचम लहरा चुका है। आदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से पिछले दो वर्षों से लोगों को नाममात्र के शुल्क में थाली परोस रही है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है। ।



### क्या बोले विवेक तोमर

इस मौके पर विवेक तोमर ने कहा कि "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है और दूसरे वर्ष के 25 हफ्ते को बेहतरी ढंग से आदर्श रसोई के साथियों ने आयोजित किया, जिसका मैं दिल की गहराईयों से तारीफ करता हूं। आगामी पीढ़ियों के लिए अपने संस्कृति को समझने का मौका मिलता है।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था।
साथ ही सभी को आइसक्रीम भी परोसी गई। पानी का भी विशेष प्रबंध किया गया था।







# कमलनाथ ने शिवराज सरकार को घेरा

**साधा निशाना**

झूठी घोषणाओं से ऊबकर अन्नदाता किसान पूछ रहा है कि इन झूठी घोषणाओं को कैसे बोयें और कहाँ उगायें ?



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
मध्य प्रदेश में अल्पवृष्टि और फिर अतिवृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों के मुद्दे को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने एक बार फिर शिवराज सरकार को घेरा है। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए सवाल पूछा है कि विपक्ष में रहते हुए शिवराज किसान को नुकसानी का 40 हजार रुपये प्रति हेक्टर मुआवजा देने की मांग करते थे। आज आपको किसानों को यह मुआवजा देने से कौन रोक रहा है? कमलनाथ ने शनिवार को ट्वीट कर प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा मालवा निमाड़ सहित मध्य प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में पहले अल्पवृष्टि और फिर अतिवृष्टि से सोयाबीन की फसल पूर्णतः बर्बाद हो चुकी है। आपदा की मार से किसान की आर्थिक स्थिति पर भारी चोट पड़ी है। शिवराज जी जब आप विपक्ष में थे तो किसान को नुकसानी का 40000 रुपये प्रति हेक्टर मुआवजा देने की मांग करते थे। आज आपको किसानों को ये मुआवजा देने से कौन रोक रहा है? कमलनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा कि आपने किसान कर्ज माफी की योजना बंद करके अन्नदाताओं के पेट पर लात मारी है। आपकी घोषणायें झूठी और फरेबी हैं। आपकी इन झूठी घोषणाओं से ऊबकर प्रदेश का अन्नदाता किसान पूछ रहा है कि इन झूठी घोषणाओं को कैसे बोयें और कहाँ उगायें ?

# बिधूड़ी टिप्पणी विवाद: जमीयत ने घटना को बताया 'शर्मनाक'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** में बसपा सदस्य दानिश अली के खिलाफ भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की अपमानजनक टिप्पणी को लेकर हंगामा मचा हुआ है। इस बीच, मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने शनिवार को इस घटना को शर्मनाक बताया है। संगठन ने कहा कि इस मामले में कार्रवाई करना स्पीकर ओम बिरला की संवैधानिक और नैतिक जिम्मेदारी है। लोकसभा में गुरुवार को चंद्रयान-3 की सफलता पर चर्चा के दौरान बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद दानिश अली पर निशाना साधने वाली बिधूड़ी की टिप्पणी पर भारी हंगामा हुआ और विपक्षी नेताओं ने उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

**विपक्ष एकजुट** लेटर में मांग की गई कि बिधूड़ी के आचरण का मामला संसद की विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए

# बीएसपी सांसद दानिश के समर्थन में उतरा विपक्ष

**साथ मिला**



राहुल गांधी ने 22 को बीएसपी सांसद कुंवर दानिश अली से उनके आवास पर मुलाकात की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**21 सितंबर को** लोकसभा में चंद्रयान पर चर्चा के दौरान बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने बीएसपी सांसद दानिश पर अभद्र टिप्पणी की। जिसको लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। विपक्ष की चार पार्टियां दानिश का समर्थन करते हुए बिधूड़ी पर कार्रवाई की मांग कर रही हैं। लेटर में मांग की गई कि बिधूड़ी के आचरण और टिप्पणियों का मामला संसद की विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए और उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। विपक्षी दलों ने चिट्ठी में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का उदाहरण दिया, जिन्हें मानसून सत्र में एक अपमानजनक टिप्पणी के लिए निलंबित कर दिया गया था, लेकिन भाजपा सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।

**चिट्ठी में भाजपा सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग:** स्पीकर को चिट्ठी लिखने वालों में अधीर रंजन चौधरी भी शामिल हैं। उन्होंने लिखा, दानिश अली एक अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। उनके खिलाफ असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल किया गया। इससे भी अधिक खेदजनक और क्या होगा कि ये घटना तब हुई जब संसदीय इतिहास के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया जा रहा था। हमारी मांग है कि इस मामले की विशेषाधिकार समिति द्वारा विस्तार से जांच की जाए और दोषी सदस्य रमेश बिधूड़ी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

इसी तरह के लेटर डीएमके नेता कनिमोझी, टीएमसी सांसद अपरूपा पोद्दार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले ने भी लिखे। सुप्रिया सुले ने कहा, रमेश बिधूड़ी अक्सर ऐसा करते हैं। सिर्फ चेतावनी देने से काम नहीं चलेगा। कनिमोझी ने अपने पत्र में कहा, अपने भाषण के दौरान रमेश बिधूड़ी ने दानिश अली के खिलाफ सबसे खराब, अपमानजनक अपशब्दों का इस्तेमाल किया, जो लोकसभा के रिकॉर्ड का हिस्सा हैं। जिन चार दलों ने स्पीकर को चिट्ठी लिखी है। वे सभी विपक्षी गठबंधन इंडिया का भी हिस्सा हैं। यह मुद्दा विशेष रूप से सीट-बंटवारे विवादों, सीपीएम द्वारा समन्वय समिति में एक सदस्य को नामित करने से इनकार करने और जाति जनगणना जैसे मुद्दों पर मतभेदों को लेकर चल रही अटकलों के बीच सभी को फिर से एक साथ लाने में मदद कर सकता है।

**दानिश अली से मिले राहुल गांधी:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 22 सितंबर की शाम बीएसपी सांसद कुंवर दानिश अली से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान राहुल ने दानिश अली को गले लगाया। उन्होंने इसकी फोटो एक्स (जो पहले ट्विटर था) पर शेयर की। कैप्शन में लिखा- 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान।' इस मुलाकात के दौरान राहुल के साथ कांग्रेस नेता केसी

